आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 202 | हापुड़ , शुक्रवार 7 फरवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण समाज के आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक- सीएम योगी

पौड़ी गढ़वाल । तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यमकेश्वर स्थित ग्राम तल्ला बनास में आयोजित धार्मिक आयोजन में भाग लिया। उन्होंने वनवासी श्रीराम मंदिर और वासिनी देवी मंदिर की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा में सहभागिता की और स्थानीय जनता से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण समाज के आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले देहरादून पहुंचे, जहां से वह हेलीकॉप्टर के माध्यम से यमकेश्वर के तल्ला बनास गांव पहुंचे। यहां ग्रामीणों और भक्तों ने उनका जोरदार स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने मां गढ़वासिनी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपराएं हमें संयम, सेवा और समर्पण का संदेश देती हैं। धार्मिक स्थलों का संरक्षण और पुनरुद्धार केवल आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि वे हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण भी हैं।

हमें इन धरोहरों के संरक्षण के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड की देवभूमि की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि यह भूमि संतों, तपस्वियों और ऋषियों की साधना स्थली रही है। यहां की आध्यात्मिक शक्ति संपूर्ण भारत को मार्गदर्शन देती है। इस आयोजन में



हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत और उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रसिद्ध जागर गायक प्रीतम बर्थवाण और लोक गायिका माधुरी बड़थ्वाल ने भी अपनी प्रस्तुति से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया।

समारोह के आयोजक आलम सिंह नेगी और उनकी पत्नी दर्शिनी देवी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक विशाल त्रिशूल भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और यहां के मंदिरों का आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व पूरे भारत के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तल्ला बनास के ग्रामीणों के साथ रुद्राक्ष के पौधों का रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष का वृक्ष केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखता बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होता है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण करें और प्रकृति के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महायोगी गुरु गोरखनाथ डिग्री कॉलेज में 100 फीट ऊंचे तिरंगा पार्क का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रध्वज देश के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। यह तिरंगा न केवल देशभक्ति की भावना को प्रेरित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश भी देगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके द्वारा किए गए धार्मिक और पर्यावरणीय कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस दौरे से स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के साथ मिलकर भक्ति और श्रद्धा के वातावरण को और भी भव्य बना दिया।

श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस धार्मिक कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया।

## भारतीय युवा कांग्रेस ने 'युवा विरोधी' केंद्रीय बजट के खिलाफ प्रदर्शन किया





नई दिल्ली । भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) ने बृहस्पतिवार को केंद्र के ''युवा विरोधी'' केंद्रीय बजट के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। इस विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने किया। नारे लिखी तख्तियां थामे प्रदर्शनकारियों ने मध्य दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबारी की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को लोकसभा में अपना लगातार आठवां बजट पेश किया था।

## यूजीसी के मसौदा नियमों के खिलाफ जंतर-मंतर पर डीएमके छात्र शाखा का प्रदर्शन, राहुल व अखिलेश हुए शामिल





नई दिल्ली । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों के खिलाफ गुरुवार को द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) की छात्र शाखा ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और डीएमके के सांसदों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा इंडी गठबंधन के राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन में इस बात पर एकराय है कि हर एक राज्य, हर इतिहास, हर भाषा और हर परंपरा का सम्मान किया जाना चाहिए। उनके साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि अलग-अलग। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में पहले ही कहा गया है कि शिक्षा को राज्य सूची में वापस लाया जाएगा। मंच पर मौजूद अपने सभी दोस्तों से मैं कहना चाहता हूं कि आप जो कह रहे हैं, हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीजी) के मसौदा नियमों के खिलाफ डीएमके की छात्र शाखा के प्रदर्शन का समाजवादी पार्टी (सपा) अपना समर्थन देती है। सपा इस लड़ाई में उनके साथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जो नई शिक्षा नीति 2020 आई है, कहीं न कहीं उद्योगपतियों को यूनिवर्सिटी देने की साजिश चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से यूनिवर्सिटी में कुलपतियों की नियुक्तियां करके और उनकी ताकत बढ़ाकर राज्य सरकार को कमजोर बनाने का काम किया जा रहा है। वह इस नई शिक्षा नीति का विरोध करते हैं।

## हाथों में हथकड़ी पहनकर विपक्षी नेताओं ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया

नई दिल्ली । कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने अमेरिका से कथित अवैध प्रवासियों को वापस भारत भेजे जाने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव और विरोध प्रदर्शन में शामिल कई अन्य विपक्षी सांसदों ने अपने हाथों में हथकड़ी पहन रखी थी। उन्होंने 'देश का अपमान नहीं सहेंगे' और 'मोदी सरकार हाय हाय' के नारे लगाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी,



राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी नेता प्रदर्शन में शामिल हुए। उल्लेखलनीय है कि अमेरिका से 104 ''अवैध'' भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को अमृतसर में उतरा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा वापस भेजा गया यह भारतीयों का पहला जत्था है। तस्वीरों में भारत वापस भेजे गए लोगों के हाथों में हथकड़ी देखी गई।

## भारतीयों को हथकड़ी एवं पांवों में बेड़ी डालकर अमेरिका से वापस भेजा जाना अमानवीय - मायावती



लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने भारतीयों को हथकड़ी एवं पांवों में बेड़ी डालकर अमेरिका से वापस भेजे जाने को अमानवीय बताते हुए कहा है कि सरकार मामले को पूरी गंभीरता से ले । बसपा नेता ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर लिखा,''महिलाओं एवं बच्चों सहित गुजरात, पंजाब एवं हरियाणा आदि राज्यों के 104 भारतीयों को हथकड़ी एवं पांवों में बेड़ी डालकर अमानवीय तरीके से अमेरिका द्वारा सैन्य विमान से भारतीयों को वापस भेजने का मामला अति-दुखद तथा देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाला है।''मायावती ने कहा,''कैदियों से भी बदतर हालात में वापस लौटाए गए भारतीयों के सम्बंध में केंद्र सरकार का आज संसद में दिया गया बयान घटना की गंभीरता एवं उससे भारतीयों को पहुंचने वाले दुख एवं शर्मिंदगी को देखते हुए लीपापोती करने वाला ज्यादा एवं संतोषजनक कम है। सरकार मामले को पूरी गंभीरता से ले।''उन्होंने कहा कि अमेरिका को पुन: महान बनाने की नीति के तहत अवैध रूप से रहने वाले अन्य भारतीयों के भी वापस भारत भेजे जाने की चर्चा जोरों पर है, जिसको लेकर भारत सरकार को सतर्क होना जरूरी है, ताकि अन्य भारतीय परिवारों को ऐसी पीड़ा एवं देश को ऐसा अनादर का सामना अब आगे न करना पड़े। विभिन्न राज्यों के 104 अवैध प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को अमृतसर पहुंचा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप सरकार द्वारा निर्वासित भारतीयों का यह पहला जत्था था। इनमें से 33-33 लोग हरियाणा और गुजरात से, 30 पंजाब से, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से और दो चंडीगढ़ से थे।

## भारतीय प्रवासियों के साथ व्यवहार पर जवाब दें प्रधानमंत्री - प्रियंका गांधी



नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका से वापस भेजे गए भारतीय प्रवासियों के साथ हुए व्यवहार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देना चाहिए। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''बहुत बात की गई थी कि मोदी जी और डोनाल्ड ट्रंप जी बहुत अच्छे मित्र हैं, फिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि उन्हें हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर भेजा जाए? यह कोई तरीका है।'' प्रियंका गांधी ने कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका से 104 ''अवैध'' भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को अमृतसर में उतरा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा वापस भेजा गया यह भारतीयों का पहला जत्था है। तस्वीरों में भारत वापस भेजे गए लोगों के हाथों में हथकड़ी देखी गई।

## अमेरिका से अनधिकृत अप्रवासियों की वापसी नियमों के अनुसार- जयशंकर

नई दिल्ली । विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों की वापसी निर्धारित प्रावधानों के अनुसार बताते हुए कहा कि सरकार नागिरकों को गैर कानूनी तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी। श्री जयशंकर ने अमेरिका से भारत भेजे जा रहे भारतीय नागरिकों के मुद्दे पर सदन में एक वक्तत्व देने के बाद उस पर विपक्षी दलों के सवालों को स्पष्टीकरण दे रहे थे। उन्होंने बयान में कहा कि सरकार केवल वैध आवागमन के पक्ष में हैं और अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास करती है। अमेरिका से जो भी वापसी हो रही हैं, उनकी जांच की गयी है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका से वापसी की प्रक्रिया में अंतराष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। विदेश मंत्री ने वर्ष 2009 से लेकर 2024 तक अनधिकृत तरीके से गये नागरिकों की वापसी के आंकडों का हवाला देते हुए कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है और



इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित नियम और प्रक्रियायें अपनायी जाती हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों और अमेरिका से वापसी की प्रक्रिया लगातार रही है और प्रतिवर्ष होती है। सभी की वापसी निर्धारित मानक प्रक्रिया से होती है। इसके लिए नागरिक और सैन्य विमानों का प्रयोग होता है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा का ख्याल रखा जाएगा और कानूनी प्रक्रिया पालन होगा। श्री जयशंकर ने वक्तव्य पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि अमेरिका से 104 लोगों की वापसी की जानकारी सरकार को थी। सभी लोगों को दूतावास से मदद उपलब्ध करायी जाती है और जांच होती है और उनकी भारतीय नागरिकता प्रमाणित की जाती है। सरकार सभी मामलों में सहानुभूति का रवैया अपनाती है और आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस संबंध में जानकारी दी गयी थी और सभी को दूतावास से मदद उपलब्ध दी गयी। उन्होंने कहा कि स्वदेश लौटायें जा रहे लोगों की संपत्ति के संबंध में सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि स्वदेश लौट रहे नागरिकों से उनके विदेश जाने की जानकारी मांगी जा रही है जिसमें एजेंट का नाम भी पूछा जा रहा है ताकि अवैध प्रवासन रोका जा सके। इससे पहले सदन की कार्यवाही इस मुद्दे पर शून्यकाल के दौरान विपक्ष के हंगामे के कारण 12 बजे तक स्थगित की गयी थी और सभापति कक्ष में विपक्ष के साथ बैठक में सहमति बनी कि विदेश मंत्री दो बजे बजे बयान देंगे और स्पष्टीकरण मांगा जा सकेगा। सभापति जगदीप धनखड़ ने विदेश मंत्री का वक्तव्य, स्पष्टीकरण को विस्तृत और पर्याप्त बताया।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र सुधार की आवश्यकता है- मुर्मू

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया ताकि समकालीन वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। मुर्मू ने यांग का स्वागत करते हुए कहा कि 2025 में विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथा सम्मेलन और तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। मुर्मू ने यांग को इन सभी मंचों पर भारत की सक्रिय और रचनात्मक भागीदारी का आश्वासन दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने यांग द्वारा



सतत विकास के लिए विज्ञान और डाटा-संचालित दृष्टिकोण पर जोर देने और उनके समावेशी दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में आयोजित भविष्य के शिखर सम्मेलन में ''भविष्य के लिए समझौता'' को अपनाने में उनके नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ''वसुधैव कुटुम्बकम'' के दर्शन से प्रेरित होकर संयुक्त राष्ट्र समेत 'ग्लोबल साउथ' के हितों की रक्षा करना जारी रखेगा। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील या कम विकसित समझा जाता है। दोनों नेताओं ने भारत और कैमरून के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों खासकर पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़े विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर भी चर्चा की। यांग कैमरून के एक राजनीतिज्ञ हैं। मुर्मू ने कहा कि भारत का अफ्रीका के साथ विशेष संबंध है और 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान ही अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में समूह में शामिल किया गया था।

# संपादकीय

## प्रह्लाद के गुरु का साधना-स्थल

पूरे देश में महादेव के नौ नाथ की उत्पत्ति-कथा और माहात्म्य बड़ी श्रद्धा से कहे-सुने जाते हैं। ऐसा ही एक शिवालय बिहार के गया क्षेत्र के फतेहपुर अंचल में है, जिसे संडेश्वर नाथ महादेव के नाम से जाना जाता है और उसकी गिनती मगध के नौ नाथों में पहले स्थान पर की जाती है। प्राचीन मगध राज्य की प्रारंभिक राजधानी राजगीर से चार कोस दक्षिण और मोक्ष नगरी गया से तीन कोस पूरब में ढाढर नदी के किनारे स्थित बाबा संडेश्वर नाथ का यह स्थान देश के नौ नाथ मंदिरों में गिना जाता है। कहा जाता है कि दैव योग से भक्त प्रह्लाद के गुरु संडामर्क ऋषि को ढाढर नदी के किनारे इस अरण्य भूमि का बोध हुआ, उन्होंने यहीं शिव-अर्चना शुरू कर दी। उसी रात उन्हें इस भूमि में नीचे दबे शिवलिंग का बोध हुआ, जिसका उन्होंने उद्धार किया। संडामर्क ऋषि के कारण ही इसकी ख्याति संडेश्वर के रूप में हुई। मध्यकाल में इस मंदिर के उद्धारक के रूप में पहले कोल्हराज (कोल राजा) और वभनसुब्बा राजा का नाम मिलता है, जो स्थानीय शासक थे। एक किसान नीरु महतो के गाय की कथा भी बाबा के इस धाम से जुड़ी है। कहा जाता है कि नीरु महतो की एक गाय ने अकारण दूध देना बंद कर दिया, तब नीरु एक दिन उसके पीछे-पीछे जंगल में जाने लगा। वहां जाकर उसने देखा कि गाय स्वतः एक स्थान पर अपना दूध अर्पित कर रही है। हर रोज इस कर्म को देख कर उसे धरती के नीचे कुछ होने का आभास हुआ। नीरु ने वहीं की भूमि को साफ कर देखा तो हैरान रह गया। नीचे एक चमकदार अनगढ़ पत्थर विराजमान था। उसके बाद नीरु ने एक विशाल यज्ञ कर उस स्थान की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित किया। मंदिर क्षेत्र के पास ही नीरु महतो की स्मृति का गवाह नीरौर गांव है। 16वीं शताब्दी के अंत में एक भक्त चिरंजीवी लाल ने एक स्वप्न के बाद इस मंदिर का नवनिर्माण पुराने ढांचे पर ही कराया। मंदिर में बाबा का लिंग धरती से पांच फीट नीचे विराजमान है। मंदिर के ठीक बगल में स्थित संरचनाएं इसके पुरातात्त्विक महत्व को दर्शाती हैं। मंदिर के गर्भ-गृह में गणेश, उमाशंकर, लक्ष्मी-विष्णु, सूर्य और भैरव का विग्रह है। ढाढर नदी पर पुल बन जाने से अब यहां आना-जाना आसान हो गया है। मंदिर के पास ही एक विशाल अतिथिशाला बनाई गई है। ऐसे तो यहां लोग सालों भर आते हैं, लेकिन शिवरात्रि, सावन और वसंत पंचमी में यहां लगने वाले मेले में दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग शरीक होते हैं।

## सर्दियों में बच्चों को यूं बचाएं जुकाम से

छोटे बच्चों के लिए सर्दियां खास एहतियात रखने का समय होता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण बच्चे आसानी से कोल्ड, कफ, गले, सीने के संक्रमण और डायरिया की चपेट में आ जाते हैं। गिरते हुए पारे के दौरान नवजात शिशुओं के लिए कंगारू केयर और ब्रेस्ट फीडिंग सबसे अच्छे तरीके हैं। बच्चे को खुद से चिपकाएं- नवजात शिशु को ठंड से बचाने का सबसे अच्छा तरीका है उसे शरीर से चिपका कर रखना। इसे कंगारू तकनीक कहा जाता है। इसके मुताबिक जब मां बच्चे को खुद से चिपकाए रखती है तो मां के शरीर की गर्मी बच्चे को मिलती है और बाहर की ठंड से उसका बचाव होता है। इससे मां और बच्चे का रिश्ता भी मजबूत होता है। घर का माहौल आरामदायक बनाएं- -बच्चे के पालने को किसी ऊनी कपड़े द्वारा चारों तरफ से बांध दें। इससे ठंडी हवा पालने के अंदर नहीं जा पाएगी। -बिस्तर पर गर्म पानी की बोतल या हीटिंग पैड रखें, बच्चे को गर्मी मिलती रहेगी। -घर का तापमान 24-25 डिग्री सेल्सियस के आसपास होना चाहिए। जरूरत से ज्यादा गर्म कपड़े न पहनाएं -बच्चे अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित नहीं कर पाते और उनके हाथ, पैर व सिर से शरीर की गर्मी निकल जाती है, इसलिए शरीर के इन हिस्सों को ढक कर रखना बेहद जरूरी है। -बच्चे को ज्यादा से ज्यादा तीन गर्म कपड़े पहनाएं। सबसे पहले उन्हें सूती वेस्ट पहनाएं, उसके ऊपर थर्मल या बॉडी सूट पहनाएं, उसके बाद कोई जैकेट या स्वेटर पहनाएं। -किसी भारी स्वेटर, जैकेट या फिर किसी गर्म चादर से बच्चे को न लपेटें। ज्यादा गर्म कपड़े पहनाने से उसे पसीना आ सकता है, जिससे रैशेज पड़ने व ठंड लगने की आशंका बढ़ जाती है। -बच्चे के पूरे शरीर को किसी तेल से (खासतौर पर जैतून का तेल) हल्के-हल्के मसाज करें। -सुबह के समय 20 से 30 मिनट के लिए बच्चों को बाहर की हवा जरूर खिलाएं। इससे उनकी रोग-प्रतिरोधी क्षमता विकसित होती है। -डॉक्टरों के मुताबिक बच्चों को उचित मात्रा और सही समय पर ब्रेस्ट फीड कराना जरूरी है। क्या करें -बच्चे को जब नहलाने जाएं तो पहले से ही बाथरूम को गर्म रखें। -बच्चे को पहनाने या सफाई करने के लिए मुलायम गर्म कपड़ों का ही इस्तेमाल करें। गर्म ऊन के कैप और दस्ताने बच्चों के हाथ, सिर और चेहरे की संवेदनशील त्वचा को ठंड से बचाते हैं। -विटामिन ए, डी और ई से भरपूर स्किन केयर उत्पादों का इस्तेमाल करें। -जहां तक स्किन केयर उत्पादों का सवाल है, उनमें बेबी पाउडर की जगह कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा का रुखापन और बेचैनी दूर हो जाती है। ताकि ठंड न लगे -बच्चे को उन लोगों के पास न ले जाएं, जिन्हें जुकाम हो रहा हो। -बच्चों में ठंड में होने वाली परेशानियों के लक्षण 2 हफ्तों तक के लिए दिखाई देते हैं। -जब बच्चे की हालत बिगड़ जाए या बुखार 100 डिग्री से ऊपर चला जाए या फिर उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो और बच्चा कुछ खाने में रुचि न दिखाए तो उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।

## 7 फरवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.07 प्रात-
सूर्यास्त- 06.14 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 1.14 प्रात-
चंद्र अस्त- 03.33 रात्रि
चंद्रमा- प्रात- 06.21 उपरांत मिथुन राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-09 पूर्णिमांत महीना माघ-25 पक्ष-शुक्ल पक्ष 10,तिथि-दशमी रात्रि- 09.26 तक बाद में एकादशी, नक्षत्र-रोहिणी सायं- 06.40 तक बाद में मृगशिरा, योग-इंद्र दोपहर- 04.17 तक बाद में वैधृती,करण-तैतील प्रात- 10.07 तक बाद में ग़र रात्रि- 09.26 तक बाद में वणिज, राहु काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 03.00 से 04.30 बजे अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.18 से 01.03 तक, दुमुहूर्त प्रात- 09.21 से 10.05 तक दोपहर- 01.03 से 01.47 तक, अमृत काल सायं- 03.33 से 05.06 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.30 से 06.18 तक।

## 7 फरवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- धार्मिक यात्रा करेंगे,प्रतियोगी परीक्षा में असफ़लता रह सकती है, रिश्तेदार के साथ अप्रिय घटना की सूचना मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ- संतुष्ट रहेंगे, मन में किसी प्रकार शंका नहीं रहेगी, बच्चों की पढ़ाई पर भी नज़र रखें, विदेश में रहने में कोई समस्या आएगी।
भाग्य प्रतिशत-72

मिथुन- ससुराल पक्ष के लोगों से मिलना होगा, धन की परेशानी दूर होगी, नया फोन खरीद सकते है, पत्रकार, फोटोग्राफर की आय बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-78

कर्क- मन प्रसन्न रहेगा, काम की सराहना होगी,कुछ नया सीखने के की प्रेरणा मिलेगी, प्रेमी जोड़ा बाहर डिनर कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-80

सिंह- काम सम्बन्धी कोई पुरस्कार मिल सकता है, सामाजिक समबन्ध बनेंगे, इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कार्य द्वारा भी लाभ होगा, अत्यधिक भोजन से बचे।
भाग्य प्रतिशत-81

कन्या- जिम्मेदारी बढ़ेगी, किसी रिश्तेदार द्वारा विवाह का प्रस्ताव आ सकता है, धार्मिक विश्वास बढ़ेगा, मेनेजमेंट कॉलेज में जो मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-82

तुला- स्थाई नौकरी लगने के लिए कुछ लेना देना पड़ सकता है, तकनीकी कार्य में उन्नति मिलेगी, छोटे भाई का ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-72

वृश्चिक- ठंड के रोग से परेशानी बढ़ेगी, स्वर्ण चांदी के व्यवसाय से लाभ होगा, जीवन साथी के करियर में उन्नति का समय आएगा।
भाग्य प्रतिशत-74


धनु- दूसरा मकान या फ्लेट का सपना पूरा हो सकता है, जीवनसाथी किसी की ओर आकर्षित भी हो सकता है उसका भी ध्यान रखें, नौकरी अभी ना बदले।
भाग्य प्रतिशत-67

मकर- बुद्धिमत्ता से अर्थिक लाभ होंगे, पैतृक सम्पत्ति का फायदा होगा, संतान की खुशी भी मिल सकती है, बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ेंगे।
भाग्य प्रतिशत-76

कुम्भ-शरीर का ध्यान रखें,धन की परेशानी दूर होगी, संतान कोई खतरे का काम ना करें, विद्यार्थी गणित विषय पर ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-57

मीन- किसी कार्य से बहुत अच्छा धन प्राप्त होगा,जीवन का स्तर सुधरेगा, होटल, वायु सेवा, में कार्य मिलेगा, मनोरंजन भी करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-79

## छावा का नया गाना आया रे तूफान... रिलीज




मुंबई । कुछ दिन पहले फिल्म छावा का पहला गाना जाने तू... रिलीज हुआ था। इस गीत में हमें छत्रपति संभाजी महाराज और महारानी येसुबाई के बीच का रिश्ता देखने को मिलता है। यह गीत अभी चर्चा में है, वहीं छत्रपति संभाजी महाराज के महान व्यक्तित्व को समर्पित फिल्म छावा का एक और गीत आया रे तूफान सामने आया है। यह उत्साहवर्धक गीत और इसका वीडियो इस समय ट्रेंड कर रहा है। फिल्म छावा के दूसरे गीत में हम शुरुआत में शंभूराज को भगवान शिव के चरणों का अभिषेक करते हुए देखते हैं। बाद में हम वह घटना देखते हैं, जहां संभाजी महाराज रायगढ़ आते हैं। राज्याभिषेक समारोह के दौरान आबासाहेब के सिंहासन पर बैठते समय शंभूराज की जिम्मेदारी की भावना दिखाई देती है। अंत में, शंभूराज के चारों ओर मुगल घेराबंदी दिखाई देती है। छत्रपति संभाजी महाराज को असंख्य शत्रुओं से बाघ की तरह लड़ते हुए देखा जा सकता है। गीत के अंत में छत्रपति संभाजी महाराज के शेर का जबड़ा फाड़ने का दृश्य रोंगटे खड़े कर देने वाला है। एआर रहमान की आवाज़ फिल्म छावा के गाने आया रे तूफान... को एआर रहमान ने आवाज़ दी है। आया रे तूफान... गाना केसर की आभा से चमक उठा आसमान जैसे खूबसूरत शब्दों से सजा हुआ लगता है। इरशाद कामिल और क्षितिज ने आया रे तूफान... गाने के बोल लिखे हैं। एआर रहमान उन्होंने इस गीत का संगीत तैयार किया है। लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म छावा 14 फरवरी को रिलीज होने वाली है।

## प्रियंका चोपड़ा के भाई की प्री-वेडिंग सेरेमनी में नहीं दिखे निक जोनास



मुंबई । अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी से पहले की रस्मों (प्री वेडिंग सेरेमनी) के दौरान खूब मस्ती करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री प्रशंसकों को शादी के हर एक रस्म की झलक भी दिखा रही हैं। इन रस्मों का हिस्सा प्रियंका के पति निक जोनास शामिल नहीं बने। प्रियंका जहां अपने परिवार के साथ जश्न का लुत्फ उठाती दिखीं, वहीं निक की अनुपस्थिति ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए। नेटिजन्स पूछ रहे हैं कि क्या निक शादी में शामिल होंगे या नहीं? वहीं, सूत्रों का कहना है कि उनके व्यस्त कार्यक्रम के कारण शायद वह प्री वेडिंग सेरेमनी में शामिल नहीं हो पाए, लेकिन शादी में शामिल होंगे। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर अपने भाई की हल्दी सेरेमनी की कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिसमें उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं। उन्होंने इसे हैशटैग सिडनी (सिद्धार्थ और नीलम) का नाम दिया है। वीडियो में प्रियंका चोपड़ा 'कल हो ना हो' के 'माही वे' और 'दिल से' के 'छैय्या छैय्या' गानों पर डांस करती नजर आईं। तस्वीरों में प्रियंका अपने परिवार और दोस्तों के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। वीडियो में वह डांस करती और उत्सव मनाती नजर आई थीं। एक अन्य वीडियो में अभिनेत्री अपनी कार में बैठकर पैपराजी का अभिवादन करती दिखीं थी। एक क्लिप में सिद्धार्थ के एक दोस्त को हल्दी लगाते हुए उनका कुर्ता फाड़ते भी नजर आई थीं। प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही वेब सीरीज सिटाडेल के दूसरे सीजन में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार प्रियंका चोपड़ा को साउथ सुपरस्टार महेश बाबू की अगली फिल्म के लिए चुना गया है, जिसमें वह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का अस्थाई टाइटल एसएसएमबी29 है। प्रोजेक्ट के निर्देशक आरआरआर मेकर एसएस राजामौली हैं। बता दें, सिद्धार्थ चोपड़ा ने अभिनेत्री नीलम उपाध्याय से अगस्त 2024 में सगाई की थी। अप्रैल 2024 में उनका रोका रस्म भी हुआ था।

## जुनैद और खुशी की फिल्म 'लवयापा' की स्क्रीनिंग में पहुंचे तीनों खान


मुंबई । अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म लवयापा 7 फरवरी को रिलीज हो रही है। आमिर ने बेटे की फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इसके लिए उन्होंने कई बॉलीवुड अभिनेताओं को आमंत्रित किया था। इस स्क्रीनिंग में शाहरुख खान और सलमान खान दोनों ने भी भाग लिया। शाहरुख और सलमान के साथ आमिर की तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जुनैद खान और खुशी कपूर को लवयापा की स्क्रीनिंग पर शाहरुख और सलमान को एक साथ देखा गया। हालांकि, शाहरुख और सलमान अलग-अलग समय पर पहुंचे, इसलिए तीनों एक साथ फ्रेम में नहीं दिखे। ब्लू शर्ट और जींस के लुक में शाहरुख खान पहुंचे। जैसे ही वह कार से बाहर निकले, आमिर ने उन्हें गले लगाया। दोनों ने कैमरे के सामने पोज दिए। बाद में जुनैद भी उनके साथ शामिल हो गए। इससे पहले अनंत अंबानी की शादी में तीनों खान एक साथ नजर आए थे। दूसरी ओर, कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच सलमान खान भी स्क्रीनिंग शो में पहुंचे। वह हरे रंग की शर्ट और नीली जींस पहने थे।उन्होंने अपनी जींस पर एक मजेदार संदेश भी लिखा हुआ था। जींस पर लव नाउ, क्राई लेटर लिखा हुआ था। आमिर और सलमान ने भी पैपराजी के लिए पोज दिए। फिल्म लवयापा का स्क्रीनिंग शो में तमाम सितारे शामिल हुए। जान्हवी कपूर भी अपनी बहन की फिल्म की स्क्रीनिंगमें पहुंची थीं। फिल्म में जुनैद और खुशी की नई जोड़ी वाली यह फिल्म कल 7 फरवरी को रिलीज हो रही है।

## सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना 86 हजार के पार पहुंचा



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत मे जोरदार तेजी नजर आ रही है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 86 हजार रुपये के स्तर को और 22 कैरेट सोना 79 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। सोना आज 950 रुपये से लेकर 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 86,250 रुपये से लेकर 86,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,060 रुपये से लेकर 79,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में आज 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 8 6,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 8 6,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 8 6,250 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 79,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 86,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 79,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## बीस साल बाद रिलीज होगा शाहरुख-सुष्मिता की फिल्म मैं हूं ना का सीक्वल



मुंबई । फराह खान की निर्देशित फिल्म मैं हूं ना वर्ष 2004 में दर्शकों के लिए रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शाहरुख खान, सुष्मिता सेन और सुनील शेट्टी की मजबूत स्टार कास्ट थी। यह फिल्म उस समय बहुत लोकप्रिय हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। खबर है कि फिल्म मैं हूं ना का सीक्वल जल्द ही रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, फराह खान और शाहरुख खान की रेड चिलीज प्रोडक्शन टीम के साथ फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। इसलिए किंग खान के प्रशंसक भी काफी खुश हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फराह खान ने मैं हूं ना-2 के लिए एक खास कहानी लिखी है। शाहरुख को भी वह पसंद आया हैं। हालांकि, शाहरुख या फराह खान ने इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। मैं हूँ ना के पहले पार्ट ने अपनी कहानी और कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। इस फिल्म में शाहरुख खान, जायद खान, अमृता राव, सुष्मिता सेन,सुनील शेट्टी, सतीश शाह, बिंदु, बोमन ईरानी, कबीर बेदी, नसीरुद्दीन शाह और किरण खैर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आए थे। यह फिल्म उस समय सुपरहिट हुई थी।

## घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरकर लाल निशान में पहुंच गए। दोपहर 12 तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत और निफ्टी 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दिन के पहले सत्र का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला, बीपीसीएल, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, एचडीएफसी लाइफ और इंडसइंड बैंक के शेयर 2.20 प्रतिशत से लेकर 0.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर ओएनजीसी, टाइटन कंपनी, एनटीपीसी, टाटा स्टील और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 1.95 प्रतिशत से लेकर 1.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,490 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,287 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,203 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 242.08 अंक की मजबूती के साथ 78,513.36 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक में गिरावट आ गई। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद इस सूचकांक की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं हो सका। लगातार हो रही बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स गिर कर 77,926.58 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 12 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 249.34 अंक की कमजोरी के साथ 78,021.94 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 65.65 अंक उछल कर 23-,761.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लगातार बिकवाली होने लगी।

बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक गिर कर 23,594.35 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच दिन के पहले सत्र का कारोबार खत्म होने यानी दोपहर 12 बजे के बाद निफ्टी 83 अंक लुढ़क कर 23,613. 30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 312.53 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 78,271.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

वहीं निफ्टी ने 42.95 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,696. 30 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## फिल्म 'नादानियां' का पहला पोस्टर जारी

मुंबई । बालीवुड एक्टर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म 'नादानियां' का पहला पोस्टर नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। 'नादानियां' एक रोमांटिक ड्रामा है, जो युवाओं के पहले प्यार की मासूमियत और शरारतों से भरी दुनिया को दिखाएगी। जारी किए गए पोस्टर में इब्राहिम अली खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर कैजुअल लुक में किसी खेल के मैदान में बैठे नजर आ रहे हैं। फिल्म की कहानी पिया और अर्जुन नाम के दो युवाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। पिया साउथ दिल्ली की एक बोल्ड और आत्मनिर्भर लड़की है, जबकि अर्जुन नोएडा का एक मेहनती और ईमानदार युवक है। दोनों की जिंदगी और सोच एक-दूसरे से बिल्कुल अलग है, लेकिन जब वे मिलते हैं, तो उनके बीच एक अनोखा रिश्ता बनता है। यह फिल्म प्यार, मासूमियत और युवा जीवन की उलझनों को एक खास अंदाज में पेश करेगी। इस फिल्म का निर्देशन शौना गौतम कर रही हैं, जो इससे पहले 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम कर चुकी हैं। यह उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म होगी। फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस के डिजिटल विंग धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। नेटफ्लिक्स इंडिया की ओरिजिनल फिल्म्स की डायरेक्टर रुचिका कपूर शेख ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताया और कहा कि 'नादानियां' एक नई और ताजा प्रेम कहानी है, जो यंग एडल्ट रोमांस को एक अलग नजरिए से पेश करेगी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म पहले प्यार के जादू, उसकी मासूमियत और उससे जुड़े उतार-चढ़ाव को खूबसूरती से चित्रित करेगी। फिल्म के ऐलान के साथ ही फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इब्राहिम अली खान की पहली झलक ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। खुशी कपूर भी इस फिल्म से अपने अभिनय करियर को आगे बढ़ाने जा रही हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक में किसानों के मुद्दों पर चर्चा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद के खुर्जा स्थित नेहरूपुर चुंगी विद्युत धर्म कांटा पर मेरठ मंडल महासचिव संजीत प्रताप सिंह के कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में झमका बिजली घर पर तैनात जेई रमाशंकर द्वारा किसानों से अवैध वसूली किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसे लेकर जल्द ही अधिशासी अभियंता कार्यालय पर महापंचायत और धरना देने की घोषणा की गई। किसानों ने बैठक में केंद्र सरकार से संपूर्ण कर्ज माफी की मांग उठाई, साथ ही डीएपी खाद की बोरी का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों के हित में निर्णय लेते हुए उनका कर्ज माफ करना चाहिए। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए मूलचंद जादौन को मंडल संगठन मंत्री युवा और नीरज राणा को तहसील सचिव युवा खुर्जा के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पिंटू राघव, बंटी सिंह जादौन, भद्दू प्रधान, बंटी सिंह लोधी, आशु ठाकुर, ऋषि प्रताप सिंह, संदीप तोमर, हरकेश जादौन सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र स्वयंसेवकों ने किया वृक्षारोपण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद/बुलंदशहर। अमर सिंह महाविद्यालय, लखावटी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वितीय इकाई के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने स्वयं वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना वर्तमान समय की प्राथमिकता है, और इसके लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर सफाई अभियान भी चलाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रशांत कुमार ने छात्रों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पौधारोपण केवल पहला कदम है, बल्कि इनकी देखभाल करना भी अत्यंत आवश्यक है ताकि हरित क्रांति को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण से हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित बनाए रखने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आर के पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गई भावपूर्ण विदाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। आर के पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मिस फेयरवेल का खिताब जहब को और मिस्टर फेयरवेल का खिताब मणिकांत को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. सपना श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और हर परीक्षा को मनोयोग से उत्तीर्ण कर अपने करियर को उज्ज्वल बनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंधक शाहिद अली ने छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने और उल्लेखनीय सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने अभिभावकों बल्कि विद्यालय का भी नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कविताओं और गीतों के माध्यम से अपने वरिष्ठ साथियों को भावुक विदाई दी। समारोह के सफल आयोजन में सभी अध्यापकों और विद्यालय प्रबंधन का सराहनीय योगदान रहा।

# नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस













बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति मित्तल, विशेष अतिथि जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित और जिला क्रीड़ा अधिकारी नवीन सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और युवाओं को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कबड्डी (बालिका वर्ग), वॉलीबॉल (बालक वर्ग), एथलेटिक्स (400 मीटर दौड़, बालक वर्ग), कुश्ती (इंडियन स्टाइल, बालक वर्ग), बैडमिंटन (बालिका वर्ग) और साइकिलिंग (500 मीटर, बालिका वर्ग) सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दीप्ति मित्तल ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जिससे शारीरिक और मानसिक मजबूती के साथ-साथ टीम भावना और अनुशासन का भी विकास होता है।

जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर सदैव युवाओं के विकास के लिए तत्पर रहेगा और आगे भी इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहेगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी नवीन सिंह ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा शक्ति देश की असली ताकत है और खेलों के माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। बालिका वर्ग में बैडमिंटन में प्रथम चेतना चौधरी और द्वितीय स्थान पर समृद्धि रहीं। कबड्डी में सूरज भान इंटर कॉलेज शिकारपुर प्रथम और सतोहा डिबाई द्वितीय स्थान पर रहा। साइकिलिंग (500 मीटर) में हिना प्रथम, मुस्कान द्वितीय और रिया तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में एथलेटिक्स (400 मीटर दौड़) में प्रथम हिमांशु, द्वितीय भूपेंद्र और तृतीय स्थान पर विपिन रहे। कुश्ती (इंडियन स्टाइल) में गौरव ने प्रथम और सत्येंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन में जिले के युवा संगठनों, खेल प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इसे सफल बनाया। पूरे कार्यक्रम का संचालन परमानंद कौशिक ने किया। इस अवसर पर लेखा एवं कार्यक्रम सहायक महिपाल सिंह, सभासद सुखदेव शर्मा, युवा मंडल सदस्य कपिल शर्मा, दीपक कुमार, विनय कुमार, वेदप्रकाश, सोनू कुमार, लक्ष्मी, सचिन और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्रों का हुआ भव्य विदाई समारोह







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्रों के लिए एक यादगार पल रहा, जिसमें उन्होंने अपने स्कूल जीवन की मधुर स्मृतियों को संजोया और शिक्षकों व जूनियर्स के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय के चेयरमैन वी. के. अग्रवाल, डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य नगेन्द्र सिंह, और गोपाल शर्मा ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कक्षा 11 के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने सीनियर्स के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विदाई समारोह में छात्रों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिनमें सर्वश्रेष्ठ छात्र, सर्वश्रेष्ठ अनुशासन, और सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा जैसी श्रेणियां शामिल थीं। मिस फेयरवेल का ख़िताब धानी राना को तथा मिस्टर फेयरवेल हिमांशु गोयल को दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को मेहनत और ईमानदारी से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। छात्रों ने अपने स्कूल जीवन की यादें साझा की और विद्यालय को धन्यवाद दिया। विदाई समारोह ने छात्रों के बीच एक भावनात्मक माहौल उत्पन्न किया, और सभी ने इन यादगार पलों को संजोने का प्रयास किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और विश्वास व्यक्त किया कि वे आने वाले जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएंगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन से विनीता अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक मोहित गर्ग, और शिक्षक-शिक्षिकाएं महेश गुप्ता, अंजलि त्यागी, आयुषी, भारती, कृष्ण कुमार, एस. एस. यादव, मुशायदा, ऋतु गोयल, रिजवान अहमद, सत्येंद्र यादव, मोनिका राजपूत, सानिया, यशी, तरननुम आदि उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने दिया पुनः सर्वेक्षण का निर्देश





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिला पंचायत सभागार में आज केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना द्वारा मैनुअल स्कैवेंजर एक्ट 2013 के अंतर्गत नई गाइडलाइन के अनुसार पुनः सर्वे करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों और जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन भुगतान और ईपीएफ कटौती को समय पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जिला निगरानी सर्वेक्षण समिति और जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति की बैठक को 15 दिनों के भीतर आयोजित करने के लिए कहा गया, जिसमें हाथ से मैला उठाने का कार्य करने वाले कर्मियों के पुनर्वास से संबंधित संगठन और जिले के नामित सदस्यों को शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भगवत प्रसाद मकवाना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं की जानकारी देने और जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया, जिससे सरकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके और जरूरतमंदों को उनका लाभ समय पर मिल सके।

## कस्तूरबा विद्यालय में घटिया निर्माण पर ग्रामीणों का हंगामा, नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में 4 करोड़ की धनराशि से निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मानकों के विपरीत हो रहे निर्माण को लेकर ग्रामीणों और भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कड़ा विरोध जताया। समाचार पत्रों में इस मुद्दे पर खबरें छपने और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सैंपलिंग लिए जाने के बाद आरईएस संस्था के अधिशासी अभियंता विनीत चौधरी और उपखंड अधिकारी योगराज गौतम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने पाया कि निर्माण में अभी भी घटिया गुणवत्ता की पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। जब अधिशासी अभियंता विनीत चौधरी से इस संबंध में जवाब मांगा गया, तो उनके संतोषजनक उत्तर न देने पर ग्रामीणों ने नारेबाजी शुरू कर दी और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद विनीत चौधरी ने ग्रामीणों को शांत कराते हुए निर्माण कार्य की जांच की और स्वीकार किया कि 4% से अधिक पीली ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर ही निर्देश दिया कि मानकों से अधिक मात्रा में उपयोग की गई पीली ईंटों को हटाया जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जांच के दौरान ठेकेदार के पक्ष में बात की जा रही थी और निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया जा रहा है। इस पर ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य में सुधार नहीं हुआ तो वे जिलाधिकारी बुलंदशहर से टीम बनवाकर विस्तृत जांच की मांग करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन और जांच के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से किरनपाल शर्मा, मनोज शर्मा, दुष्यंत राघव, ग्राम प्रधान राय सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नेपाल सिंह, प्रवेन्द्र शर्मा, नवीन चौहान, बंटी पवार सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# सिकन्द्राबाद पुलिस की मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार, अवैध असलहा और कारतूस बरामद

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिकन्द्राबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 5-6 फरवरी 2025 की रात पुलिस टीम द्वारा गुलावठी अण्डपास पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, तभी एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस द्वारा उन्हें रुकने का इशारा किया गया, लेकिन बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और बाइक को तेज़ी से मोड़कर ग्राम कांवरा की ओर भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और घेराबंदी की, लेकिन बदमाशों ने फिर से पुलिस टीम पर फायरिंग की। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए कांबिंग की जा रही है। घायल बदमाश की पहचान अनस पुत्र रहीश निवासी मौ0 भाटियावाड़ा, थाना सिकन्द्राबाद के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए सीएचसी सिकन्द्राबाद भेजा गया है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। अनस थाना सिकन्द्राबाद पर दर्ज मुअसं 50/2025 में वांछित था। पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं 118/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। गिरफ्तारी में सहयोग देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शाही, उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार सोलंकी, उ0नि0 शिवम कुमार, उ0नि0 विपुल कुमार, उ0नि0 अमित पटेरिया, है0का0 भूपेन्द्र कण्डू, है0का0 कुलदीप अहलावत, का0 प्रदीप कुमार और का0 राहुल कुमार शामिल थे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलन्दशहर (सचिन शर्मा)। थाना अहार पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद किया और उसे उसके परिजनों के हवाले किया।

जानकारी के अनुसार, 01 फरवरी 2025 को थाना अहार पर सूचना मिली कि एक महिला बिना बताये घर से कहीं चली गई है। उसकी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिली। इस सूचना के बाद थाना अहार पुलिस ने जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही की। पुलिस टीम ने अथक प्रयास करते हुए 05 फरवरी 2025 को गुमशुदा महिला को जनपद अलीगढ़ से बरामद किया।

महिला को उसके परिजनों को सुपुर्द करने पर परिजनों और स्थानीय जनता ने थाना अहार पुलिस की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। पुलिस टीम में उ0नि0 श्री गंगा सिंह, है0का0 सनोज चौहान और म0का0 रेखा चौधरी शामिल थे।

## विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने जनता दरबार लगाकर सुनी जनसमस्याएं



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी के साथ धौलाना बस स्टैण्ड के निकट भाजपा के कैंप कार्यालय पर जनता दरबार आयोजित किया। इस दरबार में क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा, जिनकी सुनवाई कर विधायक ने संबंधित अधिकारियों से त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर जाकर कई समस्याओं का मुआयना भी किया। उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र उनके लिए परिवार जैसा है, और उनकी सेवा उनकी प्रथम प्राथमिकता है। कैंप कार्यालय पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया, महामंत्री अनुराग तोमर, उपाध्यक्ष परमानंद सैनी, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष डॉ. शोभा आनंद, उमा चौधरी, सभासद गगन प्रजापति, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष हिमांशु सैनी, सभासद सुनील सैनी, मन्नू पंडित, शोभित गर्ग, हिमांशु गोयल, सैय्यद आजम, दीपक गोयल, मोहम्मद नासिर, महेश वर्मा, मोहित जैन, अजय तेवतिया, नानक सैनी, खेमचंद सैनी, गणेश कुमार, संस्कार सैनी आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# श्रीमती कमला अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज की 12वीं की छात्राओं की विदाई समारोह आयोजित







उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । (पुष्पेन्द्र कुमार) फ्रीगंज रोड पर स्थित श्रीमती कमला अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं की छात्राओं की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्यो पारुल शर्मा व रेखा शर्मा, मैनेजर एडमिन बृजमोहन गुप्ता, मैनेजर एस्टेट नरेश सिंघल व मि0 मनीष बंसल ने रिबन काटकर किया। तत्पश्चात कक्षा 11वीं की छात्राओं ने कक्षा 12वीं की छात्राओं को तिलक लगाकर व फूल बरसा कर स्वागत किया। छात्राओं द्वारा विद्यालय की प्रबंधक कमेटी को तिलक लगाकर व फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया । तत्पश्चात् विद्यालय की प्रबंधन कमेटी ने मां सरस्वती की छाया प्रति पर तिलक लगाकर व चरणों में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 12वीं कक्षा की छात्राओं के स्वागत में कक्षा 11वीं की छात्राओं ने पूरे भारत की भिन्न-भिन्न प्रांतों की झलकियां प्रस्तुत की। विदा होने वाली छात्राओं ने विद्यालय से एकत्र की हुई यादें अपनी प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकगणों के प्रति अपने अनुभव साझा किये। बच्चों के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा के आधार पर उनको टाइटल दिए गए। कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा कैटवॉक किया गया। मिस फेयरवेल प्रतियोगिता में छात्राओं को तीन चरणों के माध्यम से चयन किया गया। जिसमें प्रियांशी गुलाटी को चयनित किया गया। स्कॉलर ऑफ़ आर्टस प्रियांशी गुलाटी, स्कॉलर ऑफ़ साइंस भूमि, स्कॉलर का कॉमर्स सुमबुल को दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकगण व सेवक-सेविकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

# धौलाना के डूहरी में शहीद मंगत सिंह का 76वां बलिदान दिवस मनाया गया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) ग्राम डूहरी में शहीद हवलदार स्वर्गीय मंगत सिंह तोमर जी का 76वां बलिदान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौलाना के ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी मनवीर सिंह ने की कार्यक्रम का संचालन हिंदी खबर राष्ट्रीय चैनल के एसोसिएट एडिटर एवं डूहरी निवासी दिव्येंदु सिंह तोमर ने किया कार्यक्रम की शुरुआत शहीद मंगत सिंह तोमर जी की आत्मा की शांति के लिए हवन पूजन करके की गई। इसके बाद 2 मिनट का मौन और गायत्री मंत्र के जाप के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखें और शहीद स्व. मंगत सिंह तोमर जी को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। उनके पुत्र श्री कृष्ण सिंह तोमर ने भी अपने विचार रखें और सभी गणमान्य व्यक्तियों के सामने अपने पिता के लिए जो बात कही वो शायद ही बिना आंसुओं के कोई सुन पाया हो। उन्होंने बताया कि मैं वो आभागा बेटा हूं जिसने अपने जन्मदाता को कभी नहीं देखा। इसका तात्पर्य रहा कि जब वह छुट्टी बिताने के बाद देश सेवा में अपनी ड्यूटी पर गए उस दौरान उनका जन्म हुआ और जन्म होने के लगभग 1 साल बाद वो शहीद हो गए। कृष्ण जी ने रोते हुए कहा कि सभी गणमान्य व्यक्तियों से मेरी अपील है कि मेरे पिता के नाम से गांव का मुख्य मार्ग का निर्माण करवाया जाए और गांव के मुख्य मार्ग पर मुख्य गेट बनाया जाए जिस पर उनका नाम अंकित हो। तो ये एक पुत्र की अपने पिता के लिए सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस बात पर ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया जी ने सहमति जताते हुए जल्द से जल्द सरकार द्वारा उनकी इस जायज मांग को पूरी करने के लिए उनको ढांढस बंधाते हुए आश्वाशन दिया। वही उनके सुपौत्र कुलदीप तोमर ने उनके पास उनकी कोई फोटो नहीं है इसको लेकर भी राष्ट्रीय सैनिक संस्था से अपील की फतेहगढ़ राजपूत रेजीमेंट के पास मेरे दादाजी की अगर कोई फोटो है या जाट रेजीमेंट के पास कोई फोटो है तो मुझे अरेंज करवाने में मेरी मदद की जाए। इस कार्यक्रम में दूर दराज क्षेत्रों से उपस्थित हुए विशिष्ट अतिथि जिसमें मेरठ से आए सोल्जर बोर्ड हापुड़ के अध्यक्ष कर्नल विवेक सिंह, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा,युवा कमांड के जिला उपाध्यक्ष अनिल त्यागी,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा, पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा पूर्व सैनिक शाहीद अली , नोएडा से आए पूर्व ब्रिगेडियर जे के सिंह तोमर , पिलखुवा से आए पूर्व नायक के. पी सिंह एवं बड़ायला से आए पूर्व प्रधान व पूर्व सैनिक राजेंद्र सिंह तोमर का गांव के पूर्व सेना के सेवानिवृत अधिकारी एवं सैनिकों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान गांव के सेना से सेवानिवृत पूर्व कप्तान के पी सिंह तोमर, पूर्व सूबेदार बिशन सिंह, पूर्व सूबेदार मछंदर सिंह, पूर्व हवलदार दिनेश सिंह, पूर्व नायक नानक सिंह, पूर्व सैनिक गुरुदत्त तोमर, पूर्व नेवी सैनिक नवनीत सिंह तोमर, पूर्व हवलदार रामावतार सिंह, पूर्व सूबेदार लाल राघवेंद्र सिंह, और गांव के वरिष्ठ लोगों में ब्रह्मजीत सिंह, शिवराज सिंह, रवि सिंह, बिशन सिंह, हरिओम चौहान, नितिन सोम, पूर्व दरोगा कृष्ण सिंह एवं पंडित पवन शर्मा जी उपस्थित रहे।

# संविधान बचाने की लड़ाई लड रहा पीडीए- डॉ.नरेश सागर, राष्ट्रीय सचिव



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़।(पुष्पेन्द्र कुमार) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशों पर गांव गांव और शहर शहर की गलियों और घरों तक पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है जिसके तहत हापुड़ के जिला अध्यक्ष एड.बबलू गुर्जर ने समाजवादीयों को हो बाबासाहेब के मान पर चर्चा,अब घर घर पहुंचे पीडीए पर्चा अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर कल ग्राम मुरादपुर की सागर कालोनी में समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नरेश सागर ने ग्रामीण वासियों को प्रदेश सचिव सुंदरलाल भुर्जी के साथ मिलकर सभी को पीडीए पर्चा देकर जागरूक अभियान चलाया। डा.नरेश सागर ने कहा कि इस समय जहां देश और संविधान ख़तरे में है वही आपके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार और रोटियों को भी बड़ा खतरा है। तो वहीं सुंदरलाल भुर्जी ने कहा कि अब देश की जनता को गहरी नींद से जागकर इस देश को बचाने के लिए आगे आना होगा। अभियान में उपस्थित कविता सागर, मनोहर लाल,मा.जीत सिंह, रामेश्वरी देवी, मालती सिंह, पूनम सागर,मीनू, धीरेन्द्र सिंह,मोनू कुमार, प्रशांत,परमीता व विनोद आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री यूवा उद्यमी विकास अभियान मुख्यमंत्री युवा का औपचारिक हुआ शुभारम्भ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) निदेशालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त निर्देश के क्रम में जनपद हापुड़ के समस्त लाभार्थियों को सूचित किया जाता है, कि मुख्यमंत्री यूवा उद्यमी विकास अभियान (Mukhyaman-tri-YUVA) का औपचारिक सुभारम्भ दिनांक: 24.01.2025 को मा0 मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 25,000 अभ्यार्थियों के पक्ष में ऋण वितरित कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके अन्तर्गत प्रतिवर्ष एक लाख सूक्ष्म इकाईया स्थापित कराकर एक लाख युवाओं को रोजगार युक्त बनाने के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में अगामी दस वर्षों में कुल दस लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण उद्देश्य की प्राप्ती की जानी है, योजनान्तर्गत 21 से 40 वर्षीय प्रशिक्षित युवाओं को 05 लाख तक बिना गारण्टी एवं बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी भी उपलब्ध कराया जायेगा। योजनान्तर्गत आवेदन प्राप्ती से लेकर ऋण वितरण व देय लाभों को अवमुक्त किये जाने सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन है, जिसे सम्पादित करने हेतु ऑनलाईन वेबसाईट https://msme.up.gov.in पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई आगामी त्योहारों रविदास जयंती/ शब-ए- बरात तथा महाशिवरात्रि को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने के लिए बैठक की गई

**परम्परागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाये त्यौहार प्रेरणा शर्मा।**

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




हापुड़ ( पुष्पेंद्र कुमार) जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने आगामी संत रविदास जयंती/शब-ए-बारात, महाशिवरात्रि को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए वार्ड मेंबर्स/मौलवी/धर्मगुरु को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद में त्यौहारों को मनाए जाने की गौरवशाली परंपरा रही है। उन्होंने इस परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं आनंद के वातावरण में आपसी भाई चारे एवं एक -दूसरें की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए परम्परागत तरीके से त्योहार मनाने को कहा। जिलाधिकारी ने आगामी त्योहार के दौरान विद्युत व्यवस्था की आपूर्ति बनाए रखने के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के मुख्य रास्तों जहां से शोभा यात्राएं/ शब-ए-बारात निकाली जाएगी, के आस-पास एवं महाशिवरात्रि के दौरान कावड़ यात्रियों के रास्तों पर विशेष रूप से मौके का निरीक्षण कर ढीले एवं लटके हुए विद्युत तारों को ठीक करा दिया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि में कावड़ मार्ग की व्यवस्था बनाते हुए सुरक्षित एवं सुचारू संचालन हेतु अपनी-अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने विभागीय कार्यो से सम्बंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए समय रहते आवश्यकतानुसार ठीक करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी से उनके क्षेत्र में संत रविदास जयंती/शब-ए-बारात बरात, महाशिवरात्रि के दृष्टिगत की गयी तैयारियों एवं शांति समिति की स्थानीय बैठकों आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। संत रविदास जयंती के आयोजकों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों के दौरान चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा कि त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए यद्यपि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित किसी भी आशंका की स्थिति में वे स्थानीय पुलिस चौकी, थाने अथवा सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने त्यौहारो को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संत रविदास जयंती के दौरान डीजे की उचाई ज्यादा न रखे एवं तेज ध्वनि/वाईब्रेटर ध्वनि का उपयोग न किया जाए एवं शांति के साथ संत रविदास जयंती निकली जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी संसाधनों के साथ पर्याप्त पुलिस बल एवं सोशल मीडिया टीम पूरी तरह से सक्रिय रहेगी फिर भी किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले को कतई बख्शा नहीं जाएगा एवं उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत आग बुझाने वालें संसाधनों, सीसीटीवी कैमरा का उपयोग किये जाने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि यात्राओं के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा जनक गतिविधि न की जाए । उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अराजक तत्वों पर निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए पाबन्ध किया जाए, सार्वजनिक जगहो/सड़कों पर द्वार न बनाया जाए जिससे अवागमन बाधित हो, सुरक्षा/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत फोटोग्राफी/वीडियों ग्राफी भी कराई जाए। जुलुस के साथ अनिवार्य रूप से पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और सभी तैयारियों की समीक्षा पहले से ही कर ली जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर , उप जिलाधिकारी गढ़, उप जिलाधिकारी धौलाना , समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, सीओ यातायात, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित सम्बंधित अधिकारी एवं वार्ड मेंबर्स तथा धर्मगुरु आदि उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट, हापुड़ में नए पदाधिकारियों का चयन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । श्री बालाजी खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट में नए अध्यक्षों का चयन किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण पदों पर बदलाव किए गए हैं। इस चयन प्रक्रिया के तहत कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की जगह आशीष शर्मा को नया कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, प्रबंधक विजेंद्र सिंह एडवोकेट की जगह तरुण, उप प्रबंधक गौरव गर्ग की जगह प्रवीण शर्मा, मुकेश तोमर की जगह उप सचिव रजनी शर्मा, और उपाध्यक्ष आशी शर्मा की जगह हरिराज चौहान को पदभार सौंपा गया है। ट्रस्ट की कमेटी का कहना है कि यह चयन प्रक्रिया समय-समय पर होती रहती है ताकि संस्था का सुचारू संचालन बना रहे। नए पदाधिकारियों से उम्मीद की जा रही है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे और समाजसेवा में ट्रस्ट की भूमिका को और मजबूत करेंगे। ट्रस्ट के इस बदलाव से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा और सामाजिक कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# डीआईजी मेरठ रेंज ने हापुड़ पुलिस शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो







हापुड़ । मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने हापुड़ जनपद की विभिन्न पुलिस शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध शाखा, डीसीआरबी, फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वाड, स्वाट/सर्विलांस और नफीस सेल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद जनपदीय अपराध शाखा की विवेचनाओं का अर्दली रूम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक हापुड़ कुँवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण साक्ष्य संकलन और नए आपराधिक कानूनों के अनुसार विवेचना करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि क्षेत्राधिकारी अपराध प्रत्येक 15 दिन में और पुलिस अधीक्षक 1 माह में अर्दली रूम आयोजित करें ताकि लंबित मामलों की प्रभावी समीक्षा की जा सके। अपराध की स्थिति में डॉग स्क्वाड और फील्ड यूनिट को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने का आदेश दिया गया। डीआईजी ने गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए 'ऑपरेशन खुशी' चलाने और कम से कम समय में बरामदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि 7 साल से अधिक सजा वाले गंभीर मामलों में अधिकारी स्वयं मौके पर जाएं और उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। यूपी-112 और कंट्रोल रूम से बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया ताकि पुलिस कार्रवाई अधिक प्रभावी हो।

डीआईजी ने सीसीटीएनएस से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों का निपटारा 3 दिन के भीतर करने और एमवी एक्ट के तहत जब्त दावारहित वाहनों का चोरी हुए वाहनों से मिलान करने का आदेश दिया। स्वाट और सर्विलांस टीमों को अधिक सक्रिय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान फील्ड यूनिट में कार्यरत मु0आ0 740 मनोज कुमार को एफएसएल किट की बेहतरीन जानकारी के लिए पुरस्कृत किया गया। डीआईजी ने डीसीआरबी द्वारा गैंग पंजीकरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण को सुदृढ़ करना, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना और पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना था। निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन से हापुड़ जिले की कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

# गाजियाबाद में पेट्रोल पंपों पर 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का नियम हवा

गाजियाबाद । गाजियाबाद में हापुड रोड, मेरठ रोड, पुराना बस अड्डा स्थित पेट्रोल पंप पर दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन में ईंधन डलवा रहे हैं। हापुड रोड स्थित शास्त्रीनगर के पेट्रोल पंपों पर आसानी से बिना हेलमेट के तेल दोपहिया वाहन सवार ले रहे हैं। ये महज एक बानगी भर है। नो हेलमेट नो फ्यूल का नियम 26 जनवरी से लागू है लेकिन इसका पालन शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर नहीं हो रहा है। ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन सवारों को पेट्रोल दिया जा रहा है। कहीं कोई रोकटोक पंप कर्मियों की ओर से नहीं की गई है। तेल कंपनियों और परिवहन विभाग की चुप्पी से नियम-कायदे सब हवा में उड़ गए हैं। शहर से लेकर देहात तक के पंप डीलरों के अनुसार कुछ दिन तक सख्ती की गई लेकिन लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। पेट्रोल पंपों पर कर्मचारियों और वाहन चालकों के बीच लड़ाई होने लगी। नियम लागू होने के बाद भी लोग बिना हेलमेट के पंप पर पहुंच जाते हैं। बिना हेलमेट के पहुंचे दो पहिया वाहन चालक जबरन तेल लेने का दबाव डालते हैं। इसी नोकझोंक से बचने के लिए पंप कर्मचारी तेल देते हैं। लेकिन कुछ पेट्रोल पंपों पर इसका पालन भी कराया जा रहा है। आरडीसी स्थित पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के ईंधन नहीं दिया जा रहा है। 'नो हेलमेट, नो ईंधन' का नियम लागू हुए नौ दिन हो गए हैं। लेकिन एक भी पंप पर बिना हेलमेट तेल नहीं देने की कवायद नहीं शुरू हुई। आपूर्ति विभाग और परिवहन विभाग की अनदेखी से शहर में नियम का पालन नहीं हो रहा है। आपूर्ति विभाग ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त हिदायत दी थी कि नियम का पालन हर हाल में कराया जाए। जिन पंपों पर नियम का पालन नहीं हो रहा है तो उनके सीसी कैमरे चेक किए जाएंगे। वाहन सवारों से अपील कि गई थी कि जान की सुरक्षा करने वाले हेलमेट को पहनकर ही वाहन चलाएं। अन्यथा वाहनों का चालान किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने भी शहर के पेट्रोल पंपों का जायजा लिया था। उन्होंने खुद लोगों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया था। लेकिन इसके बाद भी आदेश और नियम सब हवा हो गए हैं। जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल के वैनर, पोस्टर, होर्डिंग लगाए गए हैं। पंपों पर नियम का पालन कराया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी दोपहिया वाहन सवार विवाद कर जबरन ईंधन डलवा रहे हैं। हेलमेट भी रखने लगे पेट्रोल पंप संचालक - पुराने बस अड्डे के पास पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो फ्यूल का बैनर तो लगा है साथ ही हेलमेट भी रखा है। जिनके पास हेलमेट नहीं है, वह हेलमेट लगाकर पंप से तेल ले सकता है। पंप कर्मियों से पूछा गया तो बताया कि हेलमेट मालिक ने रखवाया है। जो दोपहिया चालक बिना हेलमेट के तेल लेने आते हैं वो उस हेलमेट को लेकर लगा लेते हैं। इसके बाद वाहन में तेल भरवाने के बाद हेलमेट को रख देते हैं।

# पुलिस भर्ती के लिए तेरह हजार से अधिक अभ्यर्थी दौड़ लगाएंगे

गाजियाबाद । पुलिस भर्ती परीक्षा के तहत शारीरिक योग्यता परीक्षण में अभ्यर्थियों की दौड़ आगामी दस फरवरी से गोविंदपुरम स्थित 47वीं वाहिनी पीएसी परिसर में शुरू होगी। डीसीपी सिटी ने राजेश कुमार बताया कि इस दौड़ में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत और शामली के 13 हजार 900 अभ्यर्थी भाग लेंगे। गुरुवार को डीसीपी सिटी और परीक्षा के नोडल अधिकारी ने पीएसी परिसर का दौरा कर दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न होने देने की बात कही। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एव प्रोन्नति बोर्ड ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 23 अगस्त से 31 अगस्त 2024 के बीच आयोजित कराई थी। 21 नवंबर 2024 को इसका रिजल्ट जारी हुआ था। इसी क्रम में बोर्ड ने 26 दिसंबर से शारीरिक मानक परीक्षण और दस्तावेजों का सत्यापन शुरू हुआ। गाजियाबाद पुलिस लाइन में 2386 अभ्यर्थियों का शारीरिक मानक परीक्षण तथा दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। इनमें 662 महिला अभ्यर्थी थीं, जो कि सभी गाजियाबाद की रहने वाली थीं। गाजियाबाद में पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न कराने के लिए डीसीपी सिटी को मुख्य नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस विभाग से नोडल अधिकारी एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार तथा प्रशासन से नोडल अधिकारी एडीएम सिटी गंभीर सिंह को बनाया गया है।

डीसीपी सिटी ने बताया कि शारीरिक योग्यता परीक्षण के तहत अभ्यर्थियों की दौड़ प्रात- पांच बजे से शुरू होगी और शाम तक अलग-अलग शिफ्टों में चलेगी। पुरुष अभ्यर्थी को 25 मिनट के भीतर 4.8 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 14 मिनट के भीतर 2.4 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी। शारीरिक योग्यता परीक्षण में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को आगामी प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। डीसीपी सिटी ने बताया कि 47वीं वाहिनी परिसर में शारीरिक योग्यता परीक्षण की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के मोहल्ला रामनगर स्थित शिव मंदिर कॉलोनी में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला सैनी समाज समिति के युवा जिला प्रमुख सोनू सैनी और शिवम सैनी ने राष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी शिखा सैनी और उन्नति सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक सोनू सैनी ने बताया कि शिखा सैनी और उन्नति सैनी हापुड़ क्षेत्र की निवासी हैं और इनका राष्ट्रीय महिला क्रिकेट में चयन हुआ है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस कार्यक्रम में शिवम सैनी, दीपक सैनी, राजू सैनी, लोकेश सैनी, प्रमोद सैनी सहित कई समाजसेवी और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने इन खिलाड़ियों की सफलता को सराहा और उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

## चंद्रमणि भारद्वाज ने पत्रकारों को किया सम्मानित, ग्रामीण दूरसंचार समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीरपुर। दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दूरसंचार सलाहकार समिति (TAC) नोएडा के सदस्य मनोनीत होने पर चंद्रमणि भारद्वाज, जिला संयोजक भाजपा आईटी गौतमबुद्धनगर, को लगातार शुभकामनाएं मिल रही हैं। इस विशेष अवसर पर चंद्रमणि भारद्वाज ने ब्रह्मा देवी अमीचन्द कन्या इंटर कॉलेज, जहांगीरपुर में भारतीय पत्रकार संगठन के सभी पत्रकारों को गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि वह दूरसंचार की समस्याओं को लेकर काम करेंगे, खासकर ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट और फाइबर कनेक्टिविटी की समस्याओं को हल करने के लिए गंभीर प्रयास करेंगे।कार्यक्रम में बालेन्द्र कौशिक, दिनेश शर्मा, रोहित मंडल (महामंत्री), सोनू, पंकज पंडित, सुधीर छोकर, यामीन कुरैशी, आस मोहम्मद, प्रभात भारद्वाज सहित कई पत्रकार और गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने चंद्रमणि भारद्वाज के कार्यों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शिकारपुर विधान सभा के ग्राम रिशालू में PDA की मीटिंग आयोजित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में आज शिकारपुर विधान सभा के ग्राम रिशालू में PDA की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, लेकिन जनता के लिए कोई ठोस काम नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। बैठक में कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें हाजी अख्तर, मनीष शर्मा, प्रेमवीर फिरे सिंह, प्रजापति चौधरी चन्द्रपाल, राजकुमार बधेल, सगीर भाई, नवीन बधेल, सुरेंद्र पाल, शर्व वतती पाल, अरविंद बाल्मीकि, लोकेश प्रजापति, जयराम सैनी सहित अन्य लोग शामिल थे। बैठक में PDA के आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।

## 48 घंटे में परिवार समेत हत्या की धमकी, पुलिस ने जांच शुरू की

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। सिकंदराबाद के कोतवाली ककोड़ के कस्बे देहात के गांव सैंदमपुर निवासी संजू सोलंकी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसे व्हाट्सएप पर एक संदेश आया, जिसमें 48 घंटे में उसके परिवार समेत हत्या की धमकी दी गई है। पीड़ित ने अपनी तहरीर में बताया कि उसकी ससुराल रबूपुरा के गांव तकीपुर में है और उसका विवाह दो वर्ष पूर्व जिला फतेहपुर निवासी युवती से हुआ था। छह माह पहले उसकी सास, ससुर और बड़ी साली उसे यह कहकर ससुराल से ले गए कि पत्नी का प्रसव मायके में कराया जाएगा। नवंबर में वह अपनी ससुराल गया, जहां ससुराल वालों ने गाली-गलौज और मारपीट कर उससे बीस हजार रुपये और मोबाइल छीन कर उसे भगा दिया। इसके बाद, 4 फरवरी को उसके मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें फोनकर्ता ने उसे पत्नी का मामा बताते हुए विवाहिता की मौत की खबर दी और इसे उसकी और उसके रिश्तेदारों की जिम्मेदारी बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में काला आम स्थित होटल कलश में श्री श्याम मित्र मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता पन्ना लाल जालान ने की और संचालन कुलदीप सक्सेना ने किया। बैठक में 24 मार्च 2025 को ठा हेड गेवार पार्क शिवपुरी में होने वाले भव्य संकीर्तन कार्यक्रम ल्यो फिर आ गयो श्याम रगील्यो फाल्गुन मेल्यो की सफलता के लिए दायित्वों का वितरण किया गया और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में वरिष्ठ अध्यक्ष नीरज बंसल ने कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता सुनिश्चित करने के लिए चल रही तैयारियों पर चर्चा की और प्रशासन से सहयोग का आग्रह किया। जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा गया है जिसमें कार्यक्रम स्थल तक की लाइट, सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और पुलिस व्यवस्था के बारे में अनुरोध किया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि कार्यक्रम स्थल के आसपास झज्जर सड़कों की मरम्मत और खराब पड़ी लाइटों के सुधार का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है, जिससे चिंता व्यक्त की गई। मीडिया प्रभारी सौरभ गोयल ने बताया कि इस विशाल कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल, कोलकाता के महावीर अग्रवाल और अभिनव वायरल जी के आने की उम्मीद है। कार्यक्रम में बाबोसा ऐरन हीलर जी की भी उपस्थिति संभव है। इसके साथ ही लगभग 10,000 से अधिक भक्तों के कार्यक्रम में भाग लेने की संभावना जताई गई।

बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से तन, मन और धन से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई और प्रशासन से लाइट और सड़कों को ठीक करने की भी सिफारिश की गई।

बैठक में सर्वेश श्री, लोकेश बंसल, दीपांशु, स्पष्ट सक्सेना, लव गर्ग, मुनीश अग्रवाल, विजय गुप्ता सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## खनन अधिकारी की मिलीभगत से अवैध खनन का खेल जारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिले में खनन अधिकारी ब्रज मोहन की कथित मिलीभगत से अवैध मिट्टी खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के शिकारपुर और डिबाई तहसील क्षेत्रों में अवैध मिट्टी खनन का काम जारी है, जिसे खनन अधिकारी के आशीर्वाद से संरक्षण प्राप्त है। हाल ही में, डिबाई के एनएच 509 पर कसेर कलां क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन की सूचना खनन अधिकारी को दी गई थी, लेकिन जब टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की, तो केवल एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया और अन्य खनन वाहन अधिकारियों की आंखों के सामने से भाग गए। यह घटना इस बात की पुष्टि करती है कि अवैध खनन माफिया को खनन विभाग से सक्रिय समर्थन मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार, खनन माफिया को खनन विभाग से परमिशन प्राप्त होती है, जो उन्हें प्रशासन से सुरक्षा कवच प्रदान करता है और वे निर्भीक होकर अपने खनन कार्य को जारी रखते हैं। इससे पहले, जब डिबाई तहसील की कमान एसडीएम गजेन्द्र सिंह और तहसीलदार नवीन कुमार के हाथों में थी, तो अवैध खनन में कमी आई थी, लेकिन अब एक बार फिर अवैध खनन माफिया संगठित हो गए हैं। इतना ही नहीं, मुमरेजपुर उर्फ मोरजपुर गांव में भी अवैध मिट्टी खनन बिना किसी रोक-टोक के जारी है, और खनन अधिकारी के संरक्षण में यह खेल चल रहा है। इस संदर्भ में सवाल उठता है कि आखिर खनन अधिकारी ने यह आशीर्वाद किसे दिया है—खनन माफिया को या भूमाफिया को, जो अवैध प्लॉटिंग कर रहे हैं। यह घटनाएं अधिकारियों की निष्क्रियता और मिलीभगत को उजागर करती हैं, और पत्रकार यह उम्मीद कर रहे हैं कि जिलाधिकारी श्रुति शर्मा इस मामले में ठोस कदम उठाएंगी और माफिया राज मुक्त यूपी की दिशा में कार्रवाई करेंगी।

## छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन और टेबलेट वितरित किए गए

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत आईपी कॉलेज में स्मार्टफोन और टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन और टेबलेट वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री अरविंद कुमार, श्रीमती छाया जी, और कॉलेज के अन्य अध्यापकगण भी उपस्थित रहे। इस योजना के तहत छात्रों को तकनीकी संसाधन प्रदान कर उनकी शिक्षा में सुधार लाने और भविष्य के लिए उन्हें तैयार करने का प्रयास किया गया।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी करके एक महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी रौदास को 10 वर्ष का कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा दिलवायी है। यह घटना वर्ष 2022 की है, जब आरोपी रौदास ने एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद, 3 मार्च 2022 को थाना जहांगीरपुर पर मुअसं-15/2022 के तहत मामला दर्ज किया गया और 14 मई 2022 को पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस मामले को उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित करते हुए बुलंदशहर पुलिस ने प्रभावी पैरवी की और 6 गवाहों की परिक्षण के बाद अभियुक्त को दोषी ठहराया। आज, 6 फरवरी 2025 को न्यायाधीश श्री शिवानंद ने आरोपी को 10 साल की सजा और 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री ध्रुव कुमार वर्मा की भूमिका सराहनीय रही। यह बुलंदशहर पुलिस की एक महत्वपूर्ण सफलता है, जो महिला सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

## छिनैती के आरोपी दो शातिर गिरफ्तार, मोबाइल, चोरी की बाइक और अवैध असलहा बरामद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ककोड़ पुलिस ने 5 फरवरी 2025 को झाझर- दनकौर रोड पर चेकिंग के दौरान दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो छीने हुए मोबाइल फोन, चोरी की एक बाइक, और एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना ककोड़ पर मुअसं- 48/25 धारा 304(2) बीएनएस में धारा 317(2), 317(5) बीएनएस और 3/4/25 शस्त्र अधिनियम की वृद्धि की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में ललित (पुत्र रंजीत, निवासी ग्राम बुर्ज, थाना ककोड़, बुलंदशहर) और शिवम (पुत्र रनपाल सिंह, निवासी ग्राम जमालपुर, थाना ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर) शामिल हैं। इन अभियुक्तों ने 29 जनवरी 2025 को थाना ककोड़ क्षेत्र में मोबाइल छीनने की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना ककोड़ पर मुअसं- 48/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। बरामद की गई मोटरसाइकिल को थाना खुर्जा नगर क्षेत्र से चोरी किया गया था, जिसके संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 109/25 धारा 303-(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी है, जिनमें थाना ककोड़ और थाना खुर्जा नगर में पहले भी मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी और बरामदगी को लेकर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, उ0नि0 गुरुवचन सिंह, उ0नि0 मनेन्द्र सिंह, का0 अरुण कुमार और का0 अशोक दीक्षित शामिल थे।

## उपजा की मासिक बैठक में पत्रकारों के अधिकारों पर हुई चर्चा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) जनपद बुलंदशहर की मासिक बैठक मल्लिका पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष माधव शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर लोधी ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष माधव शर्मा ने जिले की नई कार्यकारिणी के गठन और संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सभी पत्रकारों को संगठन के साथ जुड़ने और इसके उद्देश्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर लोधी ने संगठन की पुरानी परंपरा का उल्लेख करते हुए सभी पत्रकारों से मिलजुल कर काम करने की अपील की। खुर्जा नगर अध्यक्ष दीपू पंडित ने पत्रकारों पर हो रहे अत्याचारों पर अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि पत्रकारों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बैठक में मोहित कौशिक और जयप्रकाश ने भी संगठन के प्रति अपने विचार व्यक्त किए और पत्रकारिता के अधिकारों के लिए संगठित रहने का आह्वान किया।

## व्यापारी सुरक्षा फोरम अनूपशहर की नई कार्यकारिणी का गठन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में व्यापारी सुरक्षा फोरम अनूपशहर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री अनिल देशभक्त जी की सलाह पर अनूपशहर संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संगठन के संरक्षकों में सर्वश्री अभय गर्ग, श्री राजकुमार जिंदल, श्री बृजेश नागल, श्री राजू गिरी और श्री राजू अग्रवाल का नाम शामिल किया गया। मार्गदर्शक मंडल में श्री अवधेश खलीफा जी, श्री राशिद गाजी जी, श्री मुकेश गर्ग, श्री इंद्रमणि वार्ष्णेय जी, और श्री सौरभ गौंड को स्थान दिया गया। संगठन के अध्यक्ष के रूप में श्री गोविंद अग्रवाल, महामंत्री के रूप में श्री प्रसून वार्ष्णेय, और कोषाध्यक्ष के रूप में श्री अजय गोयल जी को नियुक्त किया गया। इसके अलावा, उपाध्यक्ष के पद पर श्री वयाशीराम, श्री विनय सोती, श्री दीपांशु गर्ग, श्री वेद प्रकाश खटीक, श्री गोपाल तिवारी, श्री अंकुर सिंह सरदार और श्री चंचल शर्मा को चुना गया। मंत्री के रूप में श्री राहुल वाल्मीकि, श्री ललित गोयल, श्री कौशल सैनी, श्री भरत वर्मा, श्री प्रशांत वर्मा, श्री शील अग्रवाल और श्री संजय गुप्ता जी को जिम्मेदारी दी गई। नगर मीडिया प्रभारी के रूप में श्री अनुराग अग्रवाल की नियुक्ति की गई। इसके अतिरिक्त, जिला मंत्री श्री पराग गर्ग (सभासद) को प्रमोशन देकर वरिष्ठ जिला मंत्री बनाया गया।

## भाई ही कर रहे भाई के साथ छल कपट , एसएसपी से कार्रवाई की मांग


उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। सतेंद्र कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर अपने खिलाफ हो रही धोखाधड़ी और छल कपट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सतेंद्र कुमार ने बताया कि उसके तीन भाई हैं, और उनके पिता के नाम पर 3.447 हेक्टेयर भूमि रजिस्टर्ड है, जिसका 1/4 हिस्सा यानी 0.861 हेक्टेयर भूमि उसका है। सतेंद्र कुमार के दोनों भाई सेना में कार्यरत हैं, जबकि उसका पिता सेना से रिटायर हो चुका है। सतेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि उसके दोनों भाई और परिवार के अन्य सदस्य उसे और उसकी पत्नी को घर से निकाल चुके हैं और उसकी संपत्ति पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। इसके बाद, सतेंद्र कुमार ने खुरजा उपनिवेशक के पास 13 नवंबर 2024 को इस भूमि की बिक्री पर आपत्ति दर्ज करवाई थी और मामले को न्यायालय में ले गया था। सतेंद्र कुमार के अनुसार, उसकी जानकारी के बिना और गुमराह कर उसकी संपत्ति का इकरारनामा किया गया है। 2 फरवरी 2024 को उसके पिता ने एक भूमि का दान पत्र तैयार किया, जबकि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था। इसके बाद, 3 फरवरी 2025 को भूमि का इकरारनामा कपिल गर्ग नामक व्यक्ति के नाम किया गया, जो उक्त मुकदमे से पूरी तरह अवगत था। सतेंद्र कुमार ने दावा किया कि इस मामले में उसके साथ धोखाधड़ी की गई है और न्यायालय के आदेश की अवहेलना की गई है। सतेंद्र कुमार ने इस घटना की जानकारी थाना खुरजा नगर को दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने एसएसपी महोदय से मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने की अपील की है।

## निरंतर ऑनलाइन शिक्षण से संस्कृत का विस्तार - निदेशक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




लखनऊ, उत्तर प्रदेश। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा फरवरी 2025 सत्र की संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का शुभारंभ किया गया। इस कक्षा के लिए बड़ी संख्या में छात्रों ने आवेदन किया, जिससे संस्कृत भाषा के प्रति बढ़ती रुचि स्पष्ट हुई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में निदेशक विनय श्रीवास्तव ने ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली के माध्यम से संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्कृत का उत्थान संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में ऑनलाइन शिक्षण एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। साथ ही, उन्होंने बसंत पंचमी के अवसर पर छात्रों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। योजना पर्यवेक्षक भगवान दास ने बताया कि किसी भी जाति या क्षेत्र का व्यक्ति संस्थान की वेबसाइट पर जाकर उचित समय पर पंजीकरण कर कक्षा में भाग ले सकता है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दिनेश मिश्र, समन्वयक धीरज मैठाणी, दिव्यरंजन, राधा शर्मा सहित अन्य विद्वानों ने अपने विचार साझा किए। शिक्षकों ने पिछले वर्ष के शैक्षिक अनुभवों को साझा करते हुए इस सत्र में नए उत्साह के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रतिभागी शिक्षकों ने बसंत ऋतु में यात्रा संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु ऑनलाइन शिक्षण को उत्तम विकल्प बताया। इस सत्र में संस्कृत प्रेमियों, समाजसेवियों और देश-विदेश के छात्रों ने भाग लिया। शिक्षकों के अनुसार, आगामी समय में इस कक्षा में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। उद्घाटन सत्र में विनोद अंबरकर, बृजनंदन कौशिक, नीति, अजीत मौर्य, चैतन्य और प्रियंका सहित अन्य छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस पहल से संस्कृत भाषा को नया जीवन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# महाकुंभ में इशिका की हो रही चर्चा, ग्लैमर की दुनिया छोड़ अध्यात्म की राह पकड़ी

नई दिल्ली । महाकुंभ मेला 2025 एक नाम जो इन दिनों चर्चा में वह है सोशल मीडिया पर वायरल सुंदर साध्वी इशिका तनेजा। दिल्ली की रहने वाली इशिका तनेजा ने लंदन से पढ़ाई की है। वह मिस वर्ल्ड टूरिज्म रह चुकी हैं। मिस इंडिया का खिताब जीत चुकी राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित एक्ट्रेस इशिका तनेजा ने ग्लैमर की दुनिया को अलविदा कह दिया है। वह अध्यात्म की राह पर चल पड़ी है। इशिका तनेता ने द्वारका-शारदा पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती से गुरु दीक्षा ली है। उनका कहना है कि नाम और शोहरत के बाद भी उनका जीवन अधूरा था। जीवन में सुख-शांति के साथ रियल लाइफ को भी सुंदर बनाना जरूरी है। इशिका तनेजा ने कहा कि वह साध्वी नहीं हैं, सनातन से सेवा भाव से जुड़ी हुई हैं। महाकुंभ में दिव्य शक्तियां हैं। मेरी लाइफ की सबसे बड़ी अचीवमेंट ये है कि मुझे गुरु दीक्षा मिली है शंकराचार्य जी से। गुरु के होने से जीवन में दिशा मिली है। इशिका का कहना है उसकी यात्रा बहुत फ्लोटिंग रही है। उसे गिनीज बुक का अवॉर्ड मिला था। कई टी-सीरीज के गाने कर लिए, लेकिन मैंने सही समय पर घर वापसी कर ली। महिलाएं छोटे कपड़े पहनकर नाचने के लिए नहीं बनी हैं। वह धर्म की सेवा के लिए हैं। इशिका ने कहा कि वह आर्ट ऑफ लिविंग का हिस्सा भी रह चुकी हूं। वहीं आईटाईटील वाले बाबा और हर्षा पर इशिका ने कहा कि उनकी इंटेंशन देखनी चाहिए, विचारों को देखें विकारों को नहीं देखें। अगर वह प्रचार कर रहे है तो क्या परेशानी है। अगर उनसे ज्ञान लेने को कहें तो कहूंगी उसे देने के लिए उनसे बेहतर लोग हैं। इशिका ने कहा कि वह अब पुरानी साइड पर नहीं जाने वाली हैं लेकिन फिल्में प्रोड्यूस करने का मौका मिला तो जरूर करूंगी लेकिन उसमें भी सनातन का प्रचार ही करूंगी। इशिका ने कहा कि भगवा को जब तक आप फैशनेबल तरीके से धारण नहीं करेंगे तो कैसे दिखेगा। यह प्राइड वाली बात है, यूथ अगर सुंदर तरीके से साड़ियां पहने, उस रंग को धारण करें तो उसका प्रचार ही होगा। चुनाव लड़ने के बारे में इशिका ने कहा कि वह पॉलिटिकल एंबीशंस नहीं है, जिनती मेरी सनातनी बहने हैं उन्हें आगे आना चाहिए। साथ ही इशिका ने ये भी कहा कि वह बिग बॉस में नहीं जाएंगी।

# दिल्ली की अदालत आतिशी के खिलाफ कांग्रेस नेता के मानहानि मामले की सुनवाई 19 फरवरी को करेगी



नई दिल्ली । दिल्ली की एक अदालत कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित द्वारा मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह के खिलाफ दायर आपराधिक शिकायत मामले में 19 फरवरी को सुनवाई करेगी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल को बृहस्पतिवार को इस मामले की सुनवाई करनी थी, लेकिन उन्होंने आप नेताओं के वकील के अनुरोध पर सुनवाई टाल दी। अदालत ने 16 जनवरी को आतिशी और सिंह को कांग्रेस नेता की ओर से दायर शिकायत पर नोटिस जारी किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आप नेताओं ने ''जानबूझकर'' दीक्षित की छवि को नुकसान पहुंचाया। यह मुद्दा आतिशी और संजय सिंह की प्रेस वार्ता से संबंधित है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था
कि दीक्षित ने न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से करोड़ों रुपये लिए, बल्कि उनकी पार्टी (कांग्रेस) ने आप को हराने के लिए भाजपा के साथ सांठगांठ भी की।
दीक्षित ने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मौजूदा विधानसभा चुनाव लड़ा है।

# आचार्य विद्यासागर ने एक नए विचार और नए युग का प्रवर्तन किया - अमित शाह



राजनांदगांव । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को राजनांदगांव में आचार्य विद्यासागर महाराज के 'प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव' एवं सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ₹100 के स्मारक सिक्के, ₹5 के विशेष डाक लिफाफे, 108 चरण चिन्हों और चित्रों का लोकार्पण किया तथा प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' का शिलान्यास किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा और मुनि समता सागर महाराज सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज एक युग पुरुष थे, जिन्होंने एक नए विचार और नए युग का प्रवर्तन किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में जन्मे आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महामुनिराज अपने कर्मों से भारत, भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाएँ और भारत की पहचान के ज्योतिर्धर बने। शाह ने कहा कि शायद ही यह सम्मान किसी ऐसे धार्मिक संत को मिला होगा, जिन्होंने धर्म के साथ-साथ देश की पहचान की व्याख्या विश्व भर में की हो। शाह ने कहा कि उन्हें कई बार आचार्य विद्यासागर का सान्निध्य मिला और हर बार आचार्य जी ने भारतीय भाषाओं के संवर्धन, देश के गौरव का विश्वभर में प्रसार और देश की पहचान 'इंडिया' की बजाय 'भारत' से होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जी-20 सम्मेलन के निमंत्रण पत्र पर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिख कर, मोदी ने विद्यासागर महाराज के विचारों को जमीन पर उतारने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आचार्य जी के विचार को जरा भी राजनीति किए बगैर जमीन पर उतारा और उनके संदेश का अनुकरण करने का काम किया। आचार्य जी ने जीवन के अंतिम क्षण तक तपस्या का मार्ग नहीं छोड़ा। उन्होंने न केवल जैन धर्म के अनुयायियों को बल्कि जैनेत्तर अनुयायियों को भी अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा से मोक्ष का मार्ग बताने का काम किया। यह बोलने वाले बहुत लोग मिलते हैं कि धर्म, राष्ट्र और समाज के लिए जीवन का हर क्षण समर्पित होना चाहिए। लेकिन पूरा जीवन इसी तरह जीने वाले लोग कभी-कभार ही दिखते हैं और आचार्य जी का जीवन ऐसा ही रहा। उन्होंने कहा कि आचार्य जी ने 'अहिंसा परमो धर्म' के सिद्धांत की समय अनुकूल व्याख्या कर पूरे विश्व में इसे स्थापित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने जैन धर्म के सिद्धांत के अनुरूप इस बात का ख़याल रखा कि उनके शिष्य भी उन्हीं सिद्धांतों पर जीवन व्यतीत करें। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'अहिंसा परमो धर्म' के सिद्धांतों का प्रचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवसर के लिए स्मारक सिक्का और विशेष लिफाफा की स्वीकृति देने के लिए वह मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य जी को दी गई यह कार्यांजलि संत परंपरा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि आचार्य जी का प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' युगों-युगों तक आचार्य जी के सिद्धांतों, संदेशों और उपदेशों के प्रचार का स्थान बनकर रहेगा। श्री शाह ने कहा कि जिस संत ने अपना पूरा जीवन विद्या की उपासना में बिताया, उनकी समाधि का नाम 'विद्यायतन' के अलावा कुछ और नहीं हो सकता। अमित शाह ने कहा कि इस अवसर पर मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में निः शुल्क कन्या विद्यालय का भी शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में कौशल विकास और रोजगार दोनों सम्मिलित होंगे और अध्यापन कार्य मातृभाषा में होगा। उन्होंने कहा कि आचार्य जी के 108 चरण चिह्नों का भी लोकार्पण हुआ है, जो त्याग, तपस्या और संयम के जीवन का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि विद्यासागर जी का जीवन त्याग, तपस्या और संयम का प्रतीक था, और उनका प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके विचारों और संदेशों का केंद्र बनेगा। भारत की समृद्ध संत परंपरा पर जोर देते हुए शाह ने कहा कि देश को एकजुट करने में जैन मुनियों की अहम भूमिका रही है, जिन्होंने 'अहिंसा परमो धर्मः' और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांतों को विश्व पटल पर स्थापित किया। अंत में उन्होंने आचार्य जी के अमूल्य योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनका लेखन और प्रवचन पूरे राष्ट्र के लिए धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और संवर्धन करना हम सभी का कर्तव्य है।

# पीएम मोदी बोले, देश का नया मॉडल तुष्टिकरण का नहीं, संतुष्टिकरण का है



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विस्तार से चर्चा की है, देश को आगे की दिशा भी दिखाई है। राषट्रपति जी का अभिभाषण प्रभावी भी था और हम सबके लिए भविष्य के काम पर मार्गदर्शक भी था। इसे जिसने जैसा समझा, वैसे समझाया। सबका साथ, सबका विकास पर यहां बहुत कुछ कहा गया। इसमें कठिनाई क्या है। ये तो हम सबका दायित्व है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, उनसे इसके लिए कोई अपेक्षा करना बहुत बड़ी गलती होगी। कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा पीएम मोदी ने कहा कि, ये उनकी सोच, समझ के बाहर है और रोडमैप में भी सूट नहीं करता। इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। उसके लिए ये संभव ही नहीं है। कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा है। देश की जनता ने हमें तीसरी बार लगातार सेवा का मौका दिया। ये बताता है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारा ये मॉडल एक शब्द में कहना हो तो कहूंगा- नेशन फर्स्ट। पीएम मोदी ने कहा कि, इसी उम्दा भावना के साथ वाणी-वर्तन, नीतियों में इसी एक बात को मानदंड मानकर सेवा करने का प्रयास किया है। हमने तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण का मॉडल दिया पीएम मोदी ने कहा कि लंबे समय तक देश को तराजू पर तौलने का कोई अवसर ही नहीं मिला था कि वैकल्पिक मॉडल क्या हो? 2014 में हमने देश को वैकल्पिक मॉडल दिया। जनता ने हमारे मॉडल को मंजूर किया। हमने तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण का मॉडल दिया है। कांग्रेस का तरीका होता था कि जब चुनाव आए तब छोटे तबके को कुछ दे देना और बाकियों को तरसते देखना। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जबरदस्त हमला बोलते हुए कहा कि, झुनझुना बांटना, लोगों की आंखों पर पट्टी बांधकर अपनी सियासत को चलाए रखना। इनकी नजर वोट की खेती पर होती थी। हमारी कोशिश रही है कि भारत के पास जो भी संसाधन हैं, उनका इष्टतम उपयोग किया जाए। जो समय है, उसको भी बर्बादी से बचाकर के पल-पल का उपयोग जनकल्याण के लिए, देश की प्रगति के लिए खर्च हो। पीएम मोदी ने कहा कि, हमारी सरकार ने एससी-एसटी एक्ट को मजबूत बनाकर दलित-आदिवासी समाज के प्रति सम्मान भी दिखाया, प्रतिबद्धता भी दिखाई। आज जातिवाद का जहर फैलाने के लिए भरपूर प्रयास हो रहा है। आरक्षण पर पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि आज जातिवाद के जहर फैलान के लिए भरपूर प्रयास हो रहा है। लेकिन तीन-तीन दशक दोनों सदन के ओबीसी एमपी और सभी दलों के ओबीसी एमपी सरकारों से मांग करते रहे थे कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए, ठुकरा दिया गया। इनकार किया गया क्योंकि शायद उस समय उनके राजनीति को ये सूट नहीं करता था। हम सबने मिलकर तीन-तीन दशक से मेरे ओबीसी समाज ने जिस बात की मांग की थी हमने आकर इस आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए इनका मान-सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। देश में जब-जब आरक्षण का विषय आया, उसको एक तंदुरुस्त तरीके से सत्य को स्वीकार करते हुए करने का प्रयास नहीं हुआ। दुश्मनी पैदा करने वाले तरीके अपनाए गए। पहली बार हमारी सरकार ने एक ऐसा मॉडल दिया कि हमने सामान्य वर्ग के गरीब को 10 फीसदी आरक्षण दिया, बिना तनाव के, बिना किसी का छीने। एससी-एसटी, ओबीसी ने भी इसका स्वागत किया। पूरे राष्ट्र ने इस बात को स्वीकार किया। कांग्रेस का साथ छोड़ भाग रहे हैं उनके साथी- पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब के प्रति कांग्रेस को कितनी नफरत थी, कितना गुस्सा था, इसके प्रमाण हैं। बाबा साहब को दो-दो बार चुनाव हराने के लिए क्या कुछ नहीं कहा गया। बाबा साहब को कभी भारत रत्न के योग्य नहीं समझा गया। इस देश के लोगों ने बाबा साहब की भावना का आदर किया, सर्व समाज ने किया। तब आज मजबूरन कांग्रेस को जय भीम बोलना पड़ रहा है। जय भीम बोलने में उनका मुंह सूख जाता है। ये कांग्रेस भी रंग बदलने में बड़ी माहिर लग रही है। कितनी तेजी से अपना नकाब बदल देते हैं, ये इसमें साफ-साफ नजर आ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि, अब कांग्रेस का अध्ययन करेंगे तो इसकी राजनीति जैसे हमारा मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, वैसे ही उनका रहा दूसरे की लकीर छोटी करना। इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया, किसी भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी तो उसे अस्थिर कर दिया। इसी काम में वो लगे रहे। यही उनकी नीतियों का परिणाम है कि आज कांग्रेस का ये हाल हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा के बाद जो कांग्रेस के साथ थे वो भी भाग रहे हैं। इसी का परिणाम है कि कांग्रेस का आज यह हाल हो गया है। देश की सबसे पुरानी पार्टी, आजादी के आंदोलन से जुड़ी पार्टी, इतनी दुर्दशा। अगर वे अपनी लकीर लंबी करने में मेहनत करने न तो इतनी दुर्दशा नहीं होती। बिना मांगे सलाह देता हूं, अपनी लकीर लंबा करने में मेहनत करेंगे तो देश कभी न कभी 10 मीटर दूर यहां आने का अवसर देगा। बाबा साहब के सपने को पूरा करने का कार्य हमने मुद्रा योजना से किया- पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि, हर समुदाय का सशक्तिकरण और बाबा साहब के सपने को पूरा करने का कार्य हमने मुद्रा योजना से किया है। जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसे मोदी पूजता है। गरीब वंचित का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। इस वर्ष के बजट में भी लेदर, फुटवियर इंडस्ट्री जैसे छोटे क्षेत्रों को हमने स्पर्श किया है जिसका लाभ गरीब-वंचित समाज को मिलने वाला है। खिलौने की बात करें, इस प्रकार के लोग ही इस काम में हैं। बहुत से लोगों को इस काम में मदद दी गई और इसका परिणाम ये है कि हम इसे इंपोर्ट करने की आदत में फंसे थे, आज हम तीन गुना एक्सपोर्ट कर रहे हैं। इसका फायदा गरीब लोगों को मिल रहा है। हमने मछुआरे साथियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया और केसीसी के सारे बेनिफिट्स भी दिए। मत्स्य उत्पादन बढ़ा है।

# राष्ट्रपति मुर्मू अगले सप्ताह झारखंड की दो दिवसीय यात्रा करेंगी



रांची । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले सप्ताह झारखंड की दो दिवसीय यात्रा करेंगी और यहां एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 14 फरवरी को रांची पहुंचेंगी और अगले दिन बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगी। अधिकारी ने बताया कि संस्थान में शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध और तकनीकी नवाचार के 70 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। रांची के उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। भजंत्री ने अधिकारियों से प्रोटोकॉल के मुताबिक समय पर तैयारियां पूरी करने को कहा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हवाई अड्डा, राजभवन और कार्यक्रम स्थल समेत प्रमुख स्थानों पर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी तैनात करने का भी निर्देश दिया।

डीसी ने अधिकारियों से कहा, ''राष्ट्रपति के आवागमन वाले मार्ग के साथ सभी ऊंची इमारतों और संवेदनशील स्थानों की पहचान करके व्यापक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।'' उन्हें प्रस्तावित मार्ग पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटाने और सड़कों की मरम्मत करने का भी निर्देश दिया गया।

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



बल्लभगढ़ । हत्या के प्रयास के मामले में तीन वर्ष से फरार चल रहे एक आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2021 में थाना आदर्श नगर में आकाश निवासी सुभाष कालोनी बल्लभगढ ने एक शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि 06 मई को रात करीब 01.20 बजे घर पर था कि बंगाली नाम के लडके ने आवाज मारकर गेट बजाया। शिकायतकर्ता घर से बाहर निकला और देखा एक कार खडी थी। बाहर बंगाली निवासी सिही बल्लभगढ, चिंटू निवासी मच्छगर व अनीश वासी गाँव जंघावली शेरगढ उत्तर प्रदेश व ड्राइवर खडे थे। शिकायतकर्ता ने कारण पूछा तो अनीश व बंगाली ने कट्टे तथा चिंटू ने पिस्टल से गोलियाँ चलाई। आरोपियों द्वारा पांच गोलियां शिकायतकर्ता को जान से मारने की नीयत से चलाई। शिकायतकर्ता जान बचाकर घर में घुस गया। आवाज सुनकर पडोसी बाहर आए तो वो लोग भाग गए। कार की नम्बर प्लेट पर टेप से कागज चिपकाया हुआ था। अनीश से शिकायतकर्ता से नीमका जेल मे रहते हुए कहासुनी हो गई थी । उसी रंजिश को रखते हुए जान से मारने की नियत से गोली चलाकर हमला किया है। अपराध शाखा टीम ने आरोपी केशव उर्फ़ कमांडो निवासी गाँव मच्छगर बल्लभगढ़ को सदर थाना क्षेत्र एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी उपरोक्त वारदात में उस दिन गाडी ड्राइवर था। आरोपियों द्वारा उसी दिन 5 वारदातों को अंजाम दिया था। जिसमें सिटी बल्लभगढ़ में लूट, छायंसे में स्नैचिंग तथा थाना सेक्टर-58, आदर्श नगर व सदर बल्लभगढ़ में हत्या के प्रयास के मामले दर्ज है। मामले में पूर्व में तीन आरोपियो अनीश,चिंटू और बंगाली को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियो से वारदात में प्रयोग गाडी, 2 देसी पिस्तोल, एक देसी कट्टा व स्नैचिंग की मोटरसाइकिल बरामद किए जा चुके है।

## संक्षिप्त समाचार

### बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन झालावाड़ द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय को बधाई दी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान

आज दिनांक 6/2/2025 को झालावाड़ बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश कानावत व संगठन के अन्य सदस्यों द्वारा श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय द्वारा बच्चों को ड्रग व मोबाइल की लत के विरुद्ध दिलाई शपथ का वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय को माल्यार्पण कर बधाइयां दी गई। इस उपलक्ष में एशोसिएशन के सेक्रेटरी अमिता अथर पवार, पंकज गुप्ता,डॉ संदीप निर्मल ,संतोष निर्मल , इब्राहिम,रियाज मौजूद रहे साथ ही जिला कलेक्टर महोदय द्वारा 2/2/2025 को जयपुर में आयोजित बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में अलग-अलग वेट कैटेगरी में 4ह्लद्ध स्थान पाने पर इब्राहिम और रियाज को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर बधाई दी।

### कैंसर दिवस पर सिम्स हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क कैंसर कैम्प



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

मथुरा। सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस सिम्स हॉस्पिटल में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक निःशुल्क कैंसर रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंसर कैम्प में सर्जीकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. यशस्वी चौधरी ने आये हुए कैंसर मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया तथा जाँचों पर भी छूट दी गई। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल की कैंसर सर्जन डॉ. यशस्वी चौधरी ने कहा कि सिम्स हॉस्पिटल में सभी प्रकार के कैंसर का सर्वश्रेष्ठ इलाज उपलब्ध है। कैंसर मरीजों को दर्दमुक्त करने के लिए सिम्स हॉस्पिटल में दर्द प्रबन्धन विभाग मौजूद है। यहाँ पेन मैनेजमेंट विशेषज्ञ डॉ. पंकज शर्मा और डॉ. निखिल विक्रम शरीर सभी प्रकार के दर्द का इलाज करते है । सिम्स हॉस्पिटल समाज को कैंसर के प्रति जागरुकता के लिए समय समय पर कैंसर जागरुकता के लिए हेल्थ टॉक या हेल्थ कैम्प करता है। आज कैंसर दिवस पर कैम्प में 20 से अधिक मरीज देखे गये, जिनमें मुँह के कैंसर, गले का कैंसर, स्तन कैंसर, मस्तिष्क के कैंसर एवं बच्चेदानी के कैंसर के मरीज देखे गये। इस अवसर पर मैं ये कहना चाहती हूँ कि कैंसर लक्षण दिखने पर तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर को दिखायें, बिल्कुल भी लापरवाही ना करें। जब जाँच हो समय से तो इलाज हो समय से। इस पर अवसर सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि सिम्स है तो मुमकिन है। सिम्स हॉस्पिटल में सभी प्रकार के कैंसर जैसे मुँह का कैंसर, गले का कैंसर, स्तन कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, आँतों का कैंसर, गर्भाशय का कैंसर, पेट का कैंसर, मूत्राशय का कैंसर, मस्तिष्क एवं स्पाइन का कैंसर आदि का इलाज कुशल चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध है।

### फरीदाबाद - साकिर हत्याकांड में दो आरोपी हुए गिरफ्तार




फरीदाबाद । अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने साकिर हत्याकांड मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पुलिस चौकी सीकरी में शाहरुख निवासी खोरी शाह चौखा पुन्हाना जिला नूंह ने एक शिकायत दी। जिसमें शाहरुख ने बताया कि उसका भाई साबिर 31 जनवरी को सीकरी बल्लबगढ़ में कबाडी के पास मजदूरी के लिए आया था। दो फरवरी को शाहरुख के पास फोन आया कि उसके भाई साकिर की मृत्यु हो गई है। जिसकी सूचना पर वह मौका पर आया जिसने देखा की उसका भाई साकिर मृत अवस्था में पडा था। मृतक साबिर के शरीर पर चोटो के निशान थे। साबिर की किसी ने हत्या कर दी है। जिसके संबंध में थाना सेक्टर-58 में हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से 2 आरोपियों को सीकरी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विनय (18) व संदीप (18) का नाम शामिल है। दोनों आरोपी नंगला जोगियान सेक्टर 58 के रहने वाले है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि एक फरवरी की रात वह दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सीकरी-प्याला रोड़ पर मैट्रो के बने एक गोदाम में चोरी करने आए थे। तभी वहां पर मृतक आया, जिसने उन्हें चोरी करते हुए देख लिया था। जिसने विरोद्ध किया और चिल्लाने लगा। जिस पर उन्होंने मृतक को पकड लिया और आरोपी विनय ने चाकू से वार किया तथा आरोपी संदीप ने मृतक का मुंह बन्द कर लिया था व अन्य आरोपियों ने भी मृतक को पकड़ लिया। दोनों आरोपियों को मामले में पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। हत्या के मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।